यूनिट 2

विश्वास के नायक

संडे स्कूल

शिक्षक पुस्तिका

सभी उम्र के लिए

विश्वास के नायक

"बच्चें महत्वपूर्ण है" द्वारा सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम

शिक्षक पुस्तिका

सभी उम्र के लिए

यूनिट 2: पाठ 1-13 (14-26)

वेबसाइट:www.ChildrenAreImportant.com/heroes/

सम्पूर्ण "बच्चें महत्वपूर्ण है" टीम को धन्यवाद!
संपादक: क्रिस्टीना क्रॉस
रचनात्मक टीम: एब्रिल पलासिओस केमाको, जेनिफर सांचेज़ नीटो, जूलियो सांचेज़ नीटो, ड्वाइट क्रॉस, माइक कांगस, मोंसेर्रत डुरान डाएज, सुकी कांगस, वेरोनिका टोज, और विकी कांगस
इस कार्यक्रम में अद्भुत संगीत देने के लिए रूबेन डारियो को विशेष धन्यवाद।
अनुवाद टीम: एलाइन्विएरा, अनुपमा वानखेड़े, एंटोन क्लाइमेक, एराज़ ममाज़ादेह, अरोमा पब्लिकेशंस एंड मीडिया, आर्टुरो जूनियर बोरन, ब्लेसी जैकब, कार्मेला डॉन फ्लोर्स, क्रिसब्रेशनैहान, डेविड राजू, एप्रैम न्गुगाना मीरोबी, फिनी जैकब, गीनव, हैमिड रेज़ा आज़मी, हयाउद्रे, इकबालमैन, जैकब कुरुविला, कामिल्टूर, करुंगुरु मावंगी, किरन, मैत्रेयी मोंडल, मार्को चू, मार्शो रोचा, मैथ्यू दास, मितेश मंडालिया, श्रीरामलक्ष्मी, श्रीमती गीताश्री,नवनीताक्रिशन, पॉल मेवांगी, पॉल सेप्टान, राणा 922, रुबीना राय, सफदर खान, शाहरोसां 15, टैलेंटो-यूनीडो, यूरीटॉम, वर्दिया जुलानियाह कैन्शिका, येओंग चुंग चिन, ज़ीना मिरला बरज़गा अरेंसीबिया

परिचय

सन्डे स्कूल के "विश्वास के नायक" की दूसरी इकाई में आपका स्वागत है!

जबकि हम पुराने नियम से विभिन्न "नायकों" के साथ हमारे विश्वास के बारे में सीखते हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण है कि हम अपने विश्वास का आधार कहां बनाते हैं, और यही यूनिट 2 में हमारा ध्यान केंद्रित करता है। जब हम किसी कुर्सी पर बैठते हैं, तो हम मानते हैं कि कुर्सी हमें संभाल लेगी, और यह टूटेगी नहीं या हमें फर्श पर गिरने नहीं देगी। हमारा विश्वास कुर्सी पर है, इसकी ताकत में, यह जानते हुए कि यह हमें संभाल लेगी। परमेश्वर के साथ भी ऐसा ही है। हमारा विश्वास स्पष्ट और सरल होता है जब हम जानते हैं कि परमेश्वर कौन है। हमें यह जानने की जरूरत है कि परमेश्वर कौन है, तब हम उसमें विश्राम पा सकते हैं। जैसे हम जानते हैं कि कुर्सी हमें संभाल लेगी, हमें यह जानना चाहिए कि परमेश्वर कौन है, और वह हमें भी संभाले रखेगा। इस इकाई की आयत कहती है कि सबसे पहले हमें यह विश्वास करने की आवश्यकता है कि परमेश्वर का अस्तित्व है। एक परमेश्वर है! हम इस ग्रह पर अकेले नहीं हैं, परमेश्वर ने दुनिया बनाई और हमें भी बनाया। दूसरा, हमें यह विश्वास करने की आवश्यकता है कि वह उन लोगों को प्रतिफल देता है जो उसे ढूंढते हैं। हमें यह विश्वास करने की आवश्यकता है कि बाइबल परमेश्वर के बारे में क्या कहती है। हम पहले पुराने नियम की कहानियों में फिर से कूद लगाने जा रहे हैं, लेकिन अब हम स्वयं परमेश्वर पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। हम परमेश्वर के चरित्र से क्या सीख सकते हैं, वह कौन है, और वह विभिन्न परिस्थितियों में कैसे व्यवहार करता है? जैसा कि हम परमेश्वर के बारे में और अधिक सीखते हैं, सब पर विश्वास करते हुए, तो यह हमारे विश्वास को बढ़ाएगा। यह परमेश्वर को धन्यवाद देने का एक अच्छा तरीका है, क्योंकि मुख्य आयत यह भी कहती है ..

" और विश्वास बिना उसे प्रसन्न करना अनहोना है, क्योंकि परमेश्वर के पास आने वाले को विश्वास करना चाहिए, कि वह है; और अपने खोजने वालों को प्रतिफल देता है।" इब्रानियों 11: 6

हमने इस यूनिट के दौरान तीन बार "नायकों के खेल" खेलने के लिए पर्याप्त प्रश्नों को शामिल किया है। हम आपको पाठ 4, 8 और 13 में खेल को खेलने का सुझाव देते हैं। उदाहरण के लिए, सामान्य कक्षा के एक घंटे बाद खेलें या सप्ताह के दौरान कोई एक और दिन भी खेलें। शिक्षक के रूप में, बच्चों को सिखाने के लिए इस खेल को एक अन्य उपकरण के रूप में उपयोग करें।

आपके समर्थन के लिए, हमने यूनिट 1 के दर्शन और निर्देशों को दोहराया है कि इस सामग्री और इसके विभिन्न वर्गों का उपयोग कैसे करें। हम आशा करते हैं कि इससे आपको बच्चों के जीवन को बदलने के लिए अपनी कक्षा में इस कार्यक्रम का उपयोग करने में फिर से मदद मिलेगी।

इस इकाई में, हम आपको ब्रह्मांड को बनाने वाले सर्वशक्तिमान परमेश्वर से संपर्क करने और उन तक पहुँचने की चुनौती देते हैं, जो पुराने नियम में विद्यमान थे और चलते-फिरते थे, और जो आज भी जीवित और हमारे बीच चल रहे हैं।

परमेश्वर आपके जीवन को आशीष प्रदान करें जब आप " विश्वास के नायक" के इस अध्ययन के माध्यम से अपने आस-पास के बच्चों और किशोरों को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

प्रेमपूर्वक ,

"बच्चें महत्वपूर्ण है" टीम

इस सामग्री का उपयोग कैसे करें

आवश्यक कहानी / संकल्प

"एक महान शिक्षक वह नहीं है जो अपने विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि वह है जो उनकी रूचि इसमें जगाता है और उन्हें अपने लिए इसे पाने के लिए उत्सुक बनाता है।" –एम. जे बेरिल



आपके विद्यार्थियों द्वारा न केवल कक्षा में ध्यान केन्द्रित रखना बल्कि उन्हें जो सिखाया जाता है, उन बातों को उनके जीवन में लागू करने के लिए उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है। कई लोग मिठाई और पुरस्कार के साथ बच्चों को प्रोत्साहित करने की कोशिश करते हैं या अगर वे ध्यान नहीं देते हैं तो उन्हें दंडित करते हैं। हालांकि, इन दो तरीकों से कक्षा में आपको अच्छा व्यवहार मिलता है, लेकिन अपने घर लौटने के बाद सीखे गये सिद्धांतों को जीने के लिए वे प्रेरित नहीं करते हैं। मसीही कलीसियाओं में बच्चों के शिक्षकों के रूप में, हम केवल उनका मनोरंजन नहीं कर रहे हैं ताकि वे वयस्क सभा में रूकावट ना डालें। इसकी बजाय, हम विश्वासियों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो परमेश्वर का अनुसरण करते हैं, उसे जानते हैं और उसकी सेवा करते हैं। यद्यपि हम में से किसी के लिए भी यह एक कठिन काम है, लेकिन अद्भुत बात यह है कि हमसे ज्यादा परमेश्वर खुद हर बच्चे के लिए अधिक परवाह करता है, और वह हमें इसमें बने रहने और हर बच्चे के जीवन को प्रोत्साहित करने और उनकी सेवकाई करने के लिए अपनी सामर्थ और अपनी बुद्धि देता है।

आपके विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने में आपकी सहायता के लिए, हमने विद्यार्थियों द्वारा परमेश्वर की आवश्यकता को महसूस करने और जो वे सीख रहे हैं उन बातों को अपने घर में वास्तविक जीवन में अमल करने में मदद करने के लिए प्रत्येक पाठ की शुरुआत में एक "आवश्यक कहानी" प्रदान की है। प्रत्येक कहानी में हमारे द्वारा निर्मित 5 काल्पनिक पात्रों में से एक को प्रस्तुत किया गया है। कृपया उनके नाम बदलने में संकोच न करें। एक विचार है कि स्वयंसेवकों से हर हफ्ते कहानियों को अभिनय करने के लिए कहा जाए। यदि यह प्रायोगिक नहीं है, तो आप बच्चों को केवल जोर से कहानी पढ़ कर सुना सकते हैं। आप समस्याओं को हल करने के लिए बच्चों से उनके विचारों को पूछ सकते हैं। उन्हें मत बताइयें कि उनके विचार गलत, अच्छे, बुरे, या सही हैं, और कोई समाधान अपनी तरफ से न दें। बच्चों को उस पाठ पर ध्यान बनाए रखने को प्रेरित करने के लिए उस अनसुलझे तनाव का इस्तेमाल करें।

पाठ के बाद संकल्प खंड आता है। अगर बच्चे लंबे समय से बैठे हुए हैं, तो संकल्प खंड से पहले भी उनके साथ एक क्रियाकलाप करें। तैयार होने पर, आवश्यक कहानी के बारे में बच्चों को याद दिलाएं, और फिर आपके अभिनेता संकल्प के लिए बाहर आयें या केवल इसे पढ़ते जाएँ। यह आंशिक रूप से आवश्यक कहानी के तनाव को हल करेगा और बच्चों द्वारा स्कूल में और घर में सामना किए जाने वाली समस्याओं को हल करने में मदद करेगा। इस तरह, आप बच्चों को उनके दैनिक जीवन में पाठ को लागू करने के लिए प्रेरित करेंगे!

मुख्य पाठ

यह पाठ्यक्रम पुराने नियम का एक अवलोकन अध्ययन है। कई पाठों में, हम बाइबल में किसी एक व्यक्ति, या नायक के पूरे जीवन को देखेंगे। शिक्षक के रूप में, आप इसे अपने आप के लिए अध्ययन के रूप में उपयोग कर सकते हैं और समय से पहले पवित्रशास्त्र के सूचीबद्ध पद्यांशों को पढ़ सकते और ताजा प्रकाशन भी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य पाठ में प्रत्येक नायक के जीवन का सारांश शामिल किया गया है। रुचि बनाए रखने के लिए बच्चों से पूछें कि क्या उन्हें नायक के जीवन के बारे में अधिक जानकारी याद है कि नहीं।

कृपया कहानी के भाग को छोटा रखें, ताकि आपके पास मुख्य बिंदु : अमलीकरण को बताने का समय हो। प्रत्येक पाठ के अंत में बच्चों के लिए एक निर्णय है। यह निर्णय पूरे पाठ का मुख्य बिंदु है, जैसे कि सॉकर (फुटबॉल) खेल में "गोल" लक्ष्य होता है। यदि आप अच्छी तरह से खेल खेलते हैं, टीम के अन्य साथी को सही 'पास' देते हो और दूसरी टीम द्वारा गेंद छीनने से रोकते हो, लेकिन अगर आप इसे कभी भी गोल में नहीं डालते, तो आप कभी जीत नहीं पाएंगे। सुनिश्चित करें कि आप बच्चों को अपने जीवन में लागू करने में मदद करने के लिए मुख्य अमलीकरण प्राप्त करें। याकूब 1:22-24 में हम पढ़ते हैं, "परन्तु वचन पर चलने वाले बनो, और केवल सुनने वाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं। क्योंकि जो कोई वचन का सुनने वाला हो, और उस पर चलने वाला न हो, तो वह उस मनुष्य के समान है जो अपना स्वाभाविक मुंह दर्पण में देखता है। इसलिये कि वह अपने आप को देख कर चला जाता, और तुरन्त भूल जाता है कि मैं कैसा था।" 1 कुरिन्थियों 10वें अध्याय में, हम पढ़ते हैं कि पुराने नियम में दी गई कहानियां वे उदाहरण हैं जो हमें दिखाती है कि हमें क्या चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। पुराने समय के नायकों को देखना खुद को दर्पण में देखने की तरह है जो हमें उनके जीवन से सीखने का मौका देता है। आइए बच्चों को उनके उदाहरणों का पालन करने और उनकी गलतियों से सीखने और परमेश्वर के लिए जीना सिखाएं।

समयरेखा

हर हफ्ते बच्चे बाइबल की कहानी के नायक के जीवन का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी पुस्तकों में समय-रेखा पर एक रेखा खींचते हैं। उदाहरण के लिए, पाठ 1 में, वे पहले पाठ में चिन्हित 1 में से एहूद के जीवन के बारे में सीखते हैं। पाठ में प्रदान किए गये अंकों का उपयोग करके, विचार यह है कि बच्चे गणना करते हैं कि रेखा कब शुरू होनी चाहिए और यह कितनी लम्बी होनी चाहिए। प्रत्येक वर्ग 100 साल का प्रतिनिधित्व करता है। उदाहरण के लिए, एहूद का जीवन 1300 ईसा पूर्व के तुरंत बाद शुरू होता और 1200 ईसा पूर्व के 4/5 हिस्से में अंत होता है। प्रत्येक नायक के जीवन और उनके आश्चर्यजनक विवरणों को देखना काफी मजेदार लगेगा, जैसे इस तथ्य की तरह कि न्यायी दबोरा और गिदोन एक ही समय जीवित थे और यह भी कि यिप्तह, शिमशोन और शमूएल एक थी समय में जीवित थे!



गृहकार्य

पाठों को उनके व्यवहार में लाने में बच्चों को सिखाने में मदद करने के लिए एक और उपकरण हर हफ्ते दिया जाने वाला गृहकार्य है। प्रत्येक पाठ में एक क्रियाकलाप होती है जो बच्चे सप्ताह के बीच में कर सकते हैं।

यूहन्ना 14:23 में, यीशु ने कहा, "यदि कोई मुझ से प्रेम रखे, तो वह मेरे वचन को मानेगा, और मेरा पिता उस से प्रेम रखेगा, और हम उसके पास आएंगे, और उसके साथ वास करेंगे।"

इन गृहकार्यों के साथ, बच्चे केवल कलीसिया में नहीं, बल्कि अपने जीवन में परमेश्वर को सप्ताह के बीच में भी ला सकते हैं। बड़े विद्यार्थियों के लिए भी बाइबल में एक पठन कार्य दिया गया है। गृहकार्य पर चर्चा करने के लिए कक्षा में कुछ मिनट अलग करें और उन्हें कक्षा में अभ्यास करने का अवसर दें। उन बच्चों को एक छोटी कैंडी या पुरस्कार के साथ पुरस्कृत करें जिन्होंने पिछले हफ्ते के गृहकार्य को पूरा किया है।

उपस्थिति / नायकों का खेल

यह सामग्री हर हफ्ते उपस्थिति के लिए बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए कार्ड के एक 'सेट' के साथ आता है। ये उपस्थिति कार्ड या स्टिकर हो सकते हैं। हालांकि, वे एक खेल भी हो सकते हैं! यूनिट के अंत में (13 पाठ, या 3 महीने के बाद), बच्चे इन कार्डों के साथ एक गेम खेल सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खेल निर्देश को पढ़ें।

वैकल्पिक खेल:

बच्चों को कागज के टुकड़े पर 1-10 नंबर लिखने को कहें। फिर शिक्षक खेल निर्देशों से दिए गए 10 में से किसी भी एक प्रश्न को पूछता है। कोष्ठक में दिए गये विशेषताओं को न कहें। प्रत्येक प्रश्न के लिए, विद्यार्थी लिखते हैं कि उस स्थिति में कौन से गुण या विशेषता की आवश्यकता है: जैसे कि धैर्य, ईमानदारी, आज्ञाकारिता, विनम्रता, हृदय या विश्वास। जो भी सबसे सही अंदाजा लगाता है वह एक छोटी कैंडी या पुरस्कार जीतता है।

1. परमेश्वर प्रार्थना का उत्तर देते हैं

बाइबल की कहानी: एहूद
न्यायियों 3: 12-30

याद करने की आयत 1

"किसी बात की चिन्ता न करें। हर जरूरत में प्रार्थना करें और विनय तथा धन्यवाद के साथ परमेश्वर के सामने अपने निवेदन प्रस्तुत करें।" फिलिप्पियों 4:6

आवश्यक कहानी 1

बैजू लगभग एक साल से बुरा महसूस कर रहा था, क्योंकि भले ही वह स्वयं के विरूद्ध संघर्ष कर रहा था, लेकिन वह टीवी शो देखना बंद नहीं कर सका जहां ऐसी चीजें दिखाई जाती थी, जो उसे नहीं देखनी चाहिए, और वह इसे जानता था। वह हमेशा कहता"मैं अब आगे उसे नहीं देखूंगा क्योंकि यह ठीक नहीं है। यह परमेश्वर को खुश नहीं करता है," और हर दिन कुछ जानने से पहले ही, वह टेलीविजन के गुलाम की तरह वहां बैठा हुए पाता था, और तब जाकर वह समझ पाया कि वह अकेले इसका सामना नहीं कर सकता है। वह तत्परता से प्रार्थना करने लगा।

मुख्य पाठ 1

संडे स्कूल के विश्वास के नायकों में आपका स्वागत है! हम पुराने नियम के महत्वपूर्ण लोगों को देख रहे हैं और यह भी देख रहे हैं कि उन्होंने किस प्रकार परमेश्वर के साथ व्यवहार किया और कैसे परमेश्वर ने उनके जीवन में कार्य किया। जैसा कि हम इन सभी बातों को देखते हैं, तो हम भी अपने स्वयं के जीवन में उत्साहित हो सकते हैं। आज हम बाइबल में एक बहुत ही अजीब कहानी पर नज़र डालने जा रहे हैं। इस्राएलियों द्वारा यहोशू की अगुवाई में वादा किए गए देश को अपने कब्जे में लेने के बाद, उन्होंने घर बनाए और खेतों में फसल उगाये और लंबे समय तक उस देश में रहे। उस समय के दौरान, लोग परमेश्वर के बारे में भूल गए और अन्य चीजों की आराधना की जो सच्चे परमेश्वर नहीं हैं! आप और मैं भी पापी हैं, और भले ही हम अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं, हम अक्सर वही करते हैं हम गलती कर बैठते हैं। उन्हें अनुशासित करने के लिए, परमेश्वर ने उनके पड़ोसी लोगों, मोआबियों को इस्राएल पर कब्ज़ा करने और 18 साल तक उन पर अत्याचार करने के लिए ले लाया! यह एक लंबा समय है। कभी-कभी हमें अपने जीवन में परमेश्वर के अनुशासन को पहचानने में लंबा समय लगता है। जब हम यीशु मसीह को स्वीकार करते हैं, तो हम परमेश्वर के परिवार में प्रवेश करते हैं और परमेश्वर के बेटे और बेटियां बन जाते हैं, और कुछ भी उसे बदल नहीं सकता है। किसी भी अच्छे पिता की तरह, परमेश्वर हमें अनुशासित करेगा और हमें सिखाएगा कि उसकी आज्ञा कैसे माननी है। हमारे जीवन में हमारे द्वारा लिए गए हर निर्णय के परिणाम भी होते हैं। जब इस्राएलियों को पता चला कि वे अपने कार्यों के कारण मुसीबत में हैं, तो उन्होंने उन्हें बचाने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना की। हम भी कठिन परिस्थितियों में परमेश्वर से मदद मांग सकते हैं। फिर हमें भरोसा करने की ज़रूरत है कि परमेश्वर हमारी मदद करेगा लेकिन हमेशा उस तरह से नहीं जिस तरह से हम उम्मीद करते हैं। इस्राएली शायद यह उम्मीद कर रहे थे कि शायद परमेश्वर कुछ योद्धाओं को खड़ा करेगा जो इस्राएलियों को एक साथ इकट्ठा करेंगे और उन राष्ट्रों पर हमला करने के लिए एक बड़ी सेना तैयार करेंगे जो उन पर अत्याचार कर रहे थे। लेकिन परमेश्वर ने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय उसने एहूद नाम के एक बाएं हाथ के व्यक्ति को भेजा जिसने मोआब के राजा के लिए एक गुप्त संदेश का नाटक किया और फिर उसे उसके महल में ही मार डाला! उसके बाद, उसने इस्राएलियों को एक साथ बुलाया, लेकिन एक सेना बनाने और हमला करने के बजाय, उन्होंने केवल नदी पार करने का इंतजार किया और जो भी मोआबी आए, उन्हें मार डाला। जैसे कि परमेश्वर ने बहुत ही अप्रत्याशित तरीके से एहूद नाम के एक आदमी के साथ इस्राएल को बचाया, उसी तरह परमेश्वर ने

बहुत ही अप्रत्याशित तरीके से अपने बेटे यीशु के द्वारा पूरी दुनिया को बचाया। इस्राएलियों को उम्मीद थी कि एक राजा निकलकर आएगा और उन्हें बचा लेगा, लेकिन यीशु चुपचाप उनके बीच आया और हमारे स्थान पर मर गया, फिर जी उठा ताकि जो कोई भी उस पर विश्वास करता है उसे बचाया जा सके। अगली बार जब आप किसी मुसीबत में हों या किसी कठिन परिस्थिति से गुजर रहे हो, जैसे हमारे दोस्त बैजू आज टेलीविज़न के साथ हैं, तो याद रखें कि परमेश्वर प्रार्थना का जवाब देते हैं। परमेश्वर से मदद के लिए पूछें और उस अप्रत्याशित तरीके को देखें जिससे वह आपकी मदद करता है।
मुश्किल समय में, मैं प्रार्थना करूँगा और परमेश्वर से मदद माँगूँगा!

संकल्प 1

प्रार्थना करने के एक दिन बाद, नए पड़ोसी उसके घर के पड़ोस में रहने के लिए आए, और बहुत जल्द वह उनके साथ दोस्त बन गया और हर दिन दोपहर में उनके साथ खेलने के लिए बाहर जाने लगा। यह बहुत मजेदार था। एक हफ्ते के बाद उसने महसूस किया कि टीवी देखने के बजाय, वह हमेशा खेल रहा था और टीवी देखने के लिए उसके पास समय नहीं था। तब उसने परमेश्वर को धन्यवाद दिया कि वह स्वतंत्र महसूस करता था और उसे टेलीविजन देखने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

क्रियाकलाप 1

अंधी मुर्गी



इस क्रियाकलाप के लिए, आंखों पर पट्टी बांधने के लिए एक लड़का या लड़की को चुनें। अन्य बच्चे एक गोला बनाते हैं, और आंखों पर पट्टी बंधा हुआ बच्चा बीच में खड़ा होता है। कोई भी खिलाड़ी खेल के मैदान को नहीं छोड़ सकता। आंखों पर पट्टी वाले बच्चे को दूसरों में से एक को छूने की कोशिश करनी चाहिए और, स्पर्श से, अनुमान लगाएं कि वह कौन है। आप लड़कों और लड़कियों को विभाजित कर सकते हैं, इसलिए वे अलग से खेलते हैं।

समयरेखा 1

इन सवालों की जानकारी के साथ, बच्चे एहूद के लिए समयरेखा बना सकते हैं।

एहूद ने इस्राएल का नेतृत्व कब शुरू किया? अ. हम सटीक नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसने 1297 ई.पू. में आरम्भ किया|

एहूद ने इस्राएल का नेतृत्व कितने वर्षों तक किया? अ. 80 साल।

पहेली के उत्तर 1

य	मु	सी	ब	भ	रो	सा	आ	बी
ना	हो	त	प्रा	द	प	रि	णा	म
मो	द	शू	र्थ	द	र	र्थ	ना	द
आ	रा	ध	ना	अ	मे	ए	हू	द
बी	ज्ञा	र्यां	आ	नु	श्व	मु	ल	या
हो	र्ति	पा	प	शा	र	सी	चा	द
मू	रो	सा	ल	स	शू	ब	बी	म
ब	चा	य	हो	न	र्थ	त	रि	णा

प्रश्न और उत्तर 1

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. अगर परमेश्वर मुझसे एहूद की तरह कुछ साहसिक काम करने के लिए कहता है, तो क्या होगा अगर मुझे डर लगता है? क्या डरना ठीक है? (साहसी होना डर की कमी नहीं है बल्कि डर के साथ भी आगे बढ़ने में सक्षम होना है।)

2. आपको क्या क्या सजा मिली है जब आपकी गलती पाई गई थी? (विद्यार्थियों को उन विभिन्न तरह के दंडों पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें जब हमारी गलती थी और जब नहीं थी।)

3. क्या युद्ध अच्छे होते हैं? (किसी व्यक्ति की हत्या करने और युद्ध में किसी को मारने के बीच के अंतर पर चर्चा करें। उन्हें हमारी दुनिया में हो रहे युद्धों के बारे में अपनी अलग-अलग विचार बांटने दें, और वर्तमान में हो रहे कुछ युद्धों के बारे में बात करना न भूलें।)

खेल 1

परमेश्वर के सामने रोना

लड़कों को लड़कियों से अलग खेलने के लिए अलग करें। बच्चे एक पंक्ति में खड़े होते हैं और हाथ पकड़ते हैं। फिर दोनों छोर पर खड़े बच्चों को आगे बढ़ने दें या तिरछे हाथों के नीचे से गुजारें और तब तक दोहराएं जब तक वे बहुत उलझ न जाएँ। एक बार जब यह पूरा हो जाता है, तो वे परमेश्वर को पुकारना शुरू कर देंगे, "हे परमेश्वर, हमारी मदद करो!" फिर टीम का एक सदस्य आएगा और पंक्ति को सुलझाने में मदद करेगा।

उपस्थिति 1

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

प्रार्थना

गृहकार्य 1

इस सप्ताह के लिए गृहकार्य आपकी कक्षा (स्कूल) में कुछ असहज स्थिति के लिए प्रार्थना करना है, जिनमें से आप होकर गुजर रहे हैं, जैसे किसी सहपाठी या किसी शिक्षक के साथ। अपनी आँखें बंद न करें, न ही कुछ ज़ोर से कहें क्योंकि परमेश्वर आपके विचारों और आपके हृदय को सुन सकते हैं। कुछ व्यावहारिक और विशिष्ट बातों के लिए प्रार्थना करें ताकि आप परमेश्वर की प्रतिक्रिया देख पाएं।

पढ़ें

दिन 1: न्यायियों 4:1-5
दिन 2: न्यायियों 4:6-10
दिन 3: न्यायियों 4:11-14
दिन 4: न्यायियों 4:15-20
दिन 5: न्यायियों 4:21-24

2. परमेश्वर धर्मी हैं

बाइबल की कहानी: दबोरा

न्यायियों 4:1-24, 2: 24-27

याद करने की आयत 2

"और विश्वास के बिना परमेश्वर को प्रसन्न करना, असंभव है। अत: जो परमेश्वर के निकट पहुँचना चाहता है, उसे विश्वास करना आवश्यक है कि परमेश्वर है और वह उन लोगों को प्रतिफल देता है, जो उसकी खोज में लगे रहते हैं।" इब्रानियों 11:6

आवश्यक कहानी 2

कपिल के चर्च में एक दिन, सन्डे स्कूल की शिक्षिका उपस्थित नहीं हो सकी क्योंकि वह बीमार थी। उसने कपिल से बात की और उसे उस दिन बच्चों की देखभाल करने के लिए कहा। उसे यह सुनिश्चित करना था कि वे कक्षा से बाहर न निकलें, फिर बस एक बाइबल फिल्म चलानी थी। कपिल ने स्वीकार करने में थोड़ा संकोच दिखाया। उसने सोचा: "यह मेरे लिए बेहतर है कि मैं यहाँ कक्षा में रहूँ, बस सुनता रहूँ।" जब शिक्षक ने देखा कि उसने कोई उत्तर नहीं दिया है, तो उसने कहा: "कृपया।" कपिल ने स्वीकार कर लिया, लेकिन उसने कहा कि उसकी कक्षा में कोई और जिम्मेदार रहेगा और वह केवल मदद करेगा।

मुख्य पाठ 2

विश्वास के नायकों में वापस आपका स्वागत है! पिछली बार, हमने सीखा कि किस तरह से परमेश्वर ने एहूद नाम के एक व्यक्ति के द्वारा अप्रत्याशित तरीके से इस्राएल को बचाया। इस बार, हम देखेंगे कि परमेश्वर न्यायी है। फिर से, इस्राएलियों ने पाप किया और कनान के राजा याबीन ने अपनी सेना के सेनापति सीसरा के द्वारा उन पर अत्याचार किया। उस समय के दौरान दबोरा नाम की एक भविष्यवक्ता थी जिसने एक खजूर के पेड़ के नीचे बैठकर इस्राएल के लोगों की अगुवाई करने में मदद की। एक भविष्यवक्ता वह होता/होती है जो परमेश्वर के शब्दों को बोलता/बोलती है, और दबोरा के माध्यम से परमेश्वर ने बाराक नामक एक व्यक्ति को इस्राएलियों को इकट्ठा करने और सीसरा की सेना पर हमला करने के लिए बुलाया। पिछले हफ्ते हमने परमेश्वर से मदद माँगना सीखा जब हम मुसीबत में होते हैं। कभी-कभी, ऐसे अन्य लोग होते हैं जिन्हें सहायता की आवश्यकता होती है और परमेश्वर हमें उनकी मदद के लिए कुछ करने के लिए कहते हैं, जैसे कि आज की कहानी में कपिल है। जब परमेश्वर आपको बुलाता है, तो आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी? बाराक ने दबोरा से कहा कि अगर वह उसके साथ आती है तो ही केवल वह लड़ाई लड़ेगा। जब हम डर जाते हैं, तो हम लोगों पर भरोसा करने के लिए प्रलोभित होते हैं जिन्हें हम देख सकते हैं, बजाय परमेश्वर पर भरोसा करने के जिसे हम नहीं देख सकते। हम भूल सकते हैं कि परमेश्वर कितना बड़ा है। परमेश्वर इतना बड़ा है कि उसने पूरे ब्रह्मांड को बनाया है! उसने तारों को बनाया जो इतने बड़े हैं कि आप उनकी कल्पना भी नहीं कर सकते और इतनी दूर है कि आप उन्हें देख नहीं सकते। उसने बड़े महासागर बनाए, बड़े आकाश, बादलों को तैरने के लिए बनाया, सभी बड़े पहाड़ों को बनाया। वही पूरी दुनिया को चलाने वाला है, वह सभी देशों का अधिकारी है, वही सभी इतिहास लिखता रहा है, और वह भविष्य के बारे में हर छोटी बात को जानता है। आकाश को देखें या आकाश की कल्पना करें और याद करें कि वह कितना बड़ा है। जब वह आपको बुलाता है, तो आप उस पर विश्वास कर सकते हैं कि वह आपके साथ है और जो कुछ भी वह आपको करने के लिए कह रहा है उसमें वह आपकी मदद कर सकता है। जब भी आप सोचते हैं कि आप जो करने जा रहे हैं वह डरावना है, तो आकाश, सितारों और पहाड़ों के बारे में सोचें और याद रखें कि परमेश्वर उस चीज़ से बड़ा है जो आपको डराता है। क्योंकि बाराक को

परमेश्वर पर भरोसा नहीं था, लेकिन दबोरा पर भरोसा था, इसलिए परमेश्वर ने एक अन्य महिला को सीसरा को मारने का गौरव दिया। बाराक और इस्राएली लड़ाई जीत रहे थे क्योंकि परमेश्वर उनके साथ था। सीसरा वहां से भाग गया और एक महिला के तम्बू में छिप गया, जिस पर उसे भरोसा था और वहां सो गया। जब वह सो रहा था, उस स्त्री ने उसे मार डाला और जब इस्राएलियों ने जीत के बारे में गाने गाए, तो उन्होंने बाराक के बारे में गाने के बजाय उस महिला के बारे में गाया, जिसने सीसरा को मार डाला था। परमेश्वर धर्मी है, और यीशु ने कहा कि वह हमें हमारे द्वारा किये गए हर काम के अनुसार प्रतिफल देगा। हमें पृथ्वी पर कुछ इनाम मिल सकते हैं, और कुछ स्वर्ग में। कैसे भी हो, हम निश्चित हो सकते हैं कि परमेश्वर हमें उसके प्रति साहसी बनने लिए प्रतिफल देगा।

मैं मानता हूं कि परमेश्वर न्यायी है और इस जीवन में जो कुछ भी करता हूँ, उसके अनुसार मुझे प्रतिफल देगा।

संकल्प 2

कलीसिया के पास्टर ने कपिल के लिए एक छोटा सा इनाम तैयार किया था। वह किसी की मदद करने के लिए उसे एक कुछ पैसो का उपहार देने जा रहे थे। जब पास्टर को पता चला कि दो लोगों ने कक्षा का ध्यान रखा था, तो उसे उस पैसे का बंटवारा दोनों के बीच करना था। सब कुछ होने के बाद, कपिल ने महसूस किया कि उसे वास्तव में मदद की ज़रूरत नहीं है।

क्रियाकलाप 2

न्यायालय

बच्चे एक सर्कल में बैठेंगे; शिक्षक उदाहरण के लिए एक स्थिति पैदा करेगा (एक पिता अपने बच्चों के लिए कुछ चीज़े खरीदता है, इस शर्त के साथ कि उन्हें आपस में बांटना होगा। लड़की उनको अपने भाई से छिपाने का फैसला करती है ताकि वह उनका इस्तेमाल न कर सके क्योंकि उनके पैरों से बदबू आती है। क्या यह उचित है या अनुचित?) आपके दाईं ओर बैठा बच्चा न्यायी के रूप में अभिनय करेगा और यदि यह उचित या अनुचित लगता है तो उसे जानबूझकर विचार करना होगा। लेकिन इससे पहले, बाकी बच्चे वकील के रूप में काम करेंगे। पहला, जो लोग मानते हैं कि स्थिति उचित है अपने हाथ उठाएँगे, और वोटों की गिनती होगी। फिर जो बच्चे मानते हैं कि स्थिति अनुचित है, वे अपने हाथ उठाएंगे, और फिर से वोट गिने जाएंगे। न्यायी, एक मिनट के बाद, जोर से और स्पष्ट घोषणा करके अंतिम निर्णय सुनाएगा: उचित या अनुचित। फिर एक और बच्चा अगली बारी लेता है, जिससे उन्हें यह तय करने की अनुमति मिलती है कि क्या उचित है।

समयरेखा 2

एहूद के बाद इस्राएल का नेतृत्व किसने किया? अ. दबोरा।
दबोरा ने कितने वर्षों तक नेतृत्व किया? अ. 40 साल।

पहेली के उत्तर 2

श्व	मु	शिक	लें	सी	स	प
भ	रा	सी	प्र	उ	त्त	र
स	वि	श्वा	स	यो	ग्य	मे
ध	मीं	ष्य	ल	रा	ड	श्व
वि	इ	फ	व	मीं	बो	र
श्वा	ति	स्रा	श्वा	क्त	चा	ल
प्र	द	ना	ए	त्या	न	भ
ध	बो	य	अ	ल	ड	रो
बा	रा	क	प्र	ति	फ	सा



प्रश्न और उत्तर 2

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. हम हर दिन किन कामों को करते हैं जिन्हें परमेश्वर देख सकते हैं? क्या वह हमें प्रतिफल देगा? (शिक्षक, यह एक अच्छा विचार है कि उनकी राय जानने के लिए आप ऐसा दिखावा करें कि आप यह नहीं मानते कि परमेश्वर सब कुछ देखता है और हर चीज के बारे में बात करता है। उदाहरण के लिए, जब मैं टीवी देखता हूं, तो वह मुझे नहीं देखता ... आदि, अंत में, यह निष्कर्ष निकालिए कि परमेश्वर सब कुछ देखता है। अभ्यास आपके विद्यार्थियों की आँखें खोल देगी।)
2. मैं सिर्फ टीवी देखना चाहता हूं। क्या ये ठीक है? क्यों नहीं? (कुछ चीजें नैतिक रूप से बुरी नहीं हैं, लेकिन बस समय की बर्बादी होती है। हम सभी को रोजाना आराम करने की जरूरत है। लेकिन अपने विद्यार्थियों के साथ बात करने की कोशिश करें कि वे कितने घंटे वीडियो गेम खेलने या टीवी देखने में व्यतीत कर रहे हैं, यह समझने के लिए कि वे बहुत सारा समय बर्बाद हो रहे हैं। यदि परमेश्वर हमें हर चीज के लिए प्रतिफल देता है, तो क्या यह विचार नहीं होगा कि आप ज्यादा से ज्यादा अच्छा काम करें?)
3. स्वर्ग कैसा होगा? (हम सभी के पास स्वर्ग के विषय में अलग-अलग उत्तर हैं। दुनिया कभी-कभी हमें बताती है कि स्वर्ग उबाऊ होगा, जहां हम बिना कुछ किए बादलों पर तैरते रहेंगे। लेकिन वही परमेश्वर जिसने इस संसार को बनाया है, वही दुनिया के दूसरे संस्करण बनाने जा रहे हैं जिनमें सभी केवल अच्छे होंगे और कुछ बुरा नहीं होगा। बाइबल बताती है कि हम जितना सोच सकते हैं, उससे कहीं ज्यादा यह बेहतर होगा। अपने विद्यार्थियों के साथ सबसे सर्वश्रेष्ठ की कल्पना करने के लिए कुछ समय निकालें और सुपर बड़े पुरस्कारों की भी कल्पना करें। उनसे पूछें, वे एक iPad 2 जीतने के लिए क्या करेंगे? परमेश्वर के पास स्वर्ग में इस तरह के कई अच्छे पुरस्कार होंगे? "

खेल 2

अंधी चित्रकारी



प्रतिभागियों को जोड़े में विभाजित करें। उन्हें एक दूसरों की ओर पीठ करके बैठने के लिए कहें। प्रत्येक जोड़ी में एक बच्चे को एक पेन और कागज दें और दूसरे बच्चे को एक तस्वीर दें। जिस व्यक्ति के पास तस्वीर है, उसे अपने साथी को बिना वास्तव में नाम बताए उस तस्वीर का वर्णन करना होगा कि वास्तव में यह क्या है। उदाहरण के लिए, यदि वह तस्वीर सेब में एक कीड़े का है, तो आप यह नहीं कह सकते हैं: "एक कीड़े के साथ एक सेब की तस्वीर बनाओ"। आप कह सकते हैं, "बाईं ओर एक आधा गोला बनाओ"। पेन और कागज वाला व्यक्ति उस विवरण को सुनकर जो कुछ भी सोचता है उसके अनुसार बनाता जाता है। लगभग 10 या 15 मिनट की एक समयसीमा निर्धारित करें।

उपस्थिति 2



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

दबोरा

गृहकार्य 2

इस सप्ताह के लिए गृहकार्य यीशु मसीह के बारे में बात करने, किसी को प्रोत्साहित करने या घर में अपने माता-पिता की मदद करने जैसी क्रियाकलाप को चुनना है, जहां आप हर दिन इसे करने की जिम्मेदारी लेने जा रहे हैं। यह घर पर या स्कूल में हो सकता है। इसके अलावा, आप कलीसिया में सेवा करने में कुछ भूमिका के लिए स्वेच्छा से काम कर सकते हैं। यदि यह डरावना लगता है, तो ऊपर तारों या बादलों को देखें और सोचें कि हमारा परमेश्वर कितना बड़ा है, जिसने उन्हें बनाया है।

पढ़ें

दिन 1: न्यायियों 6:1-13
दिन 2: न्यायियों 6:14-26
दिन 3: न्यायियों 6:27-40
दिन 4: न्यायियों 7:1-15
दिन 5: न्यायियों 7:16-25

3. परमेश्वर अपने वचन की पुष्टि करता है

बाइबल की कहानी: गिदोन

न्यायियों 6:1-7: 25

याद करने की आयत 3

"परन्तु प्रभु की प्रतीक्षा करनेवाले नया बल प्राप्त करते जाएंगे, वे गरुड़ के पंखों की तरह नवशक्ति प्राप्त कर ऊंचे उड़ेंगे; वे दौड़ेंगे, पर थकेंगे नहीं; वे चलते रहेंगे, किन्तु निर्बल नहीं होंगे।" यशायाह 40:31

आवश्यक कहानी 3

बैजू का भाई एक युवा है। एक दिन वह प्रार्थना कर रहा था और बाइबल पढ़ रहा था, परमेश्वर ने उसे बताया ...

कि परमेश्वर उसे उसके चर्च के आराधना बैंड में सेवा करने के लिए उपयोग करेगा! वह हैरान था क्योंकि उसे यह भी नहीं पता था कि किसी भी वाद्य-उपकरण को कैसे बजाना है, इसलिए वह दुविधा में पड़ गया, और उसने सोचा कि वह गलत था।

फिर उसने परमेश्वर से प्रार्थना की कि क्या वह उससे यही चाहता था ...

मुख्य पाठ 3

पिछले हफ्ते, हमने देखा कि कैसे बाराक ने परमेश्वर से ज्यादा लोगों पर भरोसा रखा। इस सप्ताह हम गिदोन नामक एक व्यक्ति के बारे में सीख रहे हैं। फिर से, इस्राएलियों ने पाप किया और मिद्यानियों ने उन पर इतना ज़ुल्म किया कि उनके पास कोई भोजन या जानवर बाकी नहीं बचा। उन्हें गुप्त रूप से भोजन बनाना होता था। हर कोई छिपकर अपना खाना खाता था। एक दिन एक स्वर्गदूत आया और गिदोन से बोला, कि परमेश्वर उसके हाथ से इस्राएल को बचाएगा। उसने गिदोन से कहा कि उसके पास जो ताकत है, उसमें जाओ। गिदोन ने पूछा कि यह कैसे संभव है क्योंकि वह अपने आप को इतना छोटा महसूस करता था। क्या आपने कभी अपने बारे में सोचा है, "मैं एक छोटा बच्चा हूँ! मैं क्या कर सकता हूं?" लेकिन परमेश्वर आपके पास जो थोड़ी ताकत है उसे लेने और कुछ बड़ा करने में मदद कर सकता है। परमेश्वर इतना शक्तिशाली है कि उसे एक शक्तिशाली व्यक्ति की मदद की आवश्यकता नहीं है। गिदोन ने कुछ ऐसा किया जो हम सब कर सकते हैं: उसने पुष्टि करने के लिए कहा, जैसे बैजू ने आज की कहानी में किया है। परमेश्वर पसंद करते हैं जब हम उनसे उनके वचन की पुष्टि करने के लिए कहते, और उसका पालन करते हैं। जो चीज़ परमेश्वर को निराश करती है वह है आज्ञा का उल्लंघन और विश्वास की कमी। जब गिदोन को पता चला कि यह एक स्वर्गदूत है जो उससे बातें कर रहा है, तो वह डर गया। परमेश्वर ने उससे कहा, "शांत रहो! डरो मत।" यीशु ने कहा कि वह हमें अपनी शांति देता है जो हमेशा हमारे साथ रहती है और हमें बार बार बताती है कि हमें डरने की जरूरत नहीं है| जब हमारे पास शांति होती है, जब हम जानते हैं कि परमेश्वर हमारे साथ है, और जब उसने अपने वचन की पुष्टि की है, तो हम अपना विश्वास को काम में लाते हैं और उसका पालन करते हैं। गिदोन ने अपने नगर में झूठे देवताओं की वेदियों को काट डाला और सच्चे परमेश्वर के लिए एक वेदी बनाई। तब परमेश्वर ने उससे कहा कि वह मिद्यानियों के विशाल सेना का सामना करने के लिए इस्राएल को इकट्ठा करे। फिर से, गिदोन ने इसके पुष्टि के लिए चिन्ह माँगा, और कुछ असंभव बात माँगी। उसने जमीन पर एक ऊंन का टुकड़ा रखा। सुबह केवल यह भीगा हुआ था लेकिन इसके आसपास की जमीन सूखी थी। दूसरे दिन, ऊन सूखा था लेकिन उसके चारों ओर की जमीन गीली थी। गिदोन ने 32,000 इस्राएलियों को इकट्ठा किया, लेकिन परमेश्वर हमारी ताकत में दिलचस्पी नहीं

रखता है; वह हमें बहुत कम से भी बचा सकता है। उसने गिदोन से लोगों को अपने घर जाने को कहा जब तक कि वहाँ केवल 300 आदमी न रह गए! अपनी आँखें बंद करो और एक विशाल सेना के विरूद्ध केवल 300 पुरुषों की सेना की कल्पना करो। परमेश्वर ने फिर से अपने वचन की पुष्टि की। उसने गिदोन से कहा कि वह दुश्मन के शिविर के किनारे पर चुपके से पहुंच जाए, जहां उसने एक तम्बू में किसी व्यक्ति को अपने सपने के बारे में बात करते हुए सुना, जहां गिदोन ने उन्हें हरा दिया था। जब आप देखते हैं कि परमेश्वर आपके साथ हैं, तो गिदोन ने जो किया आप भी परमेश्वर की आराधना करें। गिदोन ने उन 300 पुरुषों को मशाल, मटके और तुरही पकडाए। आधी रात को, उन्होंने विरोधी सेना को घेर लिया। फिर सभी ने मिलकर अचानक मशाल को चमकाने के लिए अपने अपने मटके तोड़ डाले और तुरही बजाते हुए चिल्लाने लगे। यह सुनकर विशाल शत्रु सेना भयभीत होकर वहां से भाग गई! इस्राएल ने आसानी से उस लड़ाई को जीत ली, क्योंकि परमेश्वर उनके साथ था। जब परमेश्वर आपको बुलाता है, तो याद रखें कि परमेश्वर कितना शक्तिशाली है। पुष्टि के लिए उनसे चिन्ह पूछें, फिर जो भी वह आपसे करने के लिए आपको बुलाता है उसे करें।

मैं परमेश्वर से उसके वचन की पुष्टि करने के लिए कह सकता हूँ। मैं परमेश्वर की आज्ञा मानूंगा।

संकल्प 3

कलीसिया में कुछ महीने बाद, पास्टर ने परमेश्वर की ओर से उससे वही बात कही जो उसने पहले कही थी। यह तब था जब उसने परमेश्वर के वचन की पुष्टि देखी और खुद को संगीत के लिए तैयार करना शुरू किया।

क्रियाकलाप 3

डायरी

• पेपर शीट के साथ एक डायरी या पुस्तिका बनाएं।

• उन्हें बताएं कि प्रत्येक दिन वे इसमें गवाही दर्ज करेंगे जो परमेश्वर के अस्तित्व की पुष्टि करता है। यह कुछ ऐसा होगा जो उनके साथ होता है या कुछ ऐसा होता है जो वे देखते हैं जो साबित करता है कि परमेश्वर मौजूद है।

समयरेखा 3

गिदोन का जन्म किस वर्ष में हुआ था? हम सटीक समय नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसका जन्म 1252 ई.पू. में हुआ था|

गिदोन की मृत्यु कब हुई? हम सटीक समय नहीं जानते हैं, लेकिन यह माना जाता है कि उसकी मृत्यु 1152 ई.पू. में हुई है|

पहेली के उत्तर 3

मि	दो	ल	यां	आ	ज्ञा	पा	मि
द्या	म	दि	दो	सू	खी	पु	द्या
शां	वे	शा	ऊ	न	यां	ष्टि	नि
यों	ति	र	ल	नि	तु	क	यों
गी	ला	पा	क	म	जो	र	ल
न	ज्ञा	वे	दि	ज	गि	ण	ही
आ	रा	ध	ना	बू	न	दो	द्या
ल	स्व	र्ग	दू	त	भू	ख	न



प्रश्न और उत्तर 3

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. क्या होगा अगर परमेश्वर मुझे "न" कहे? (यह हम सभी के साथ होता है जब कोई ऐसी चीज होती है जिसे हम बहुत चाहते हैं, इसलिए जब हमें लगता है कि यह एक "नहीं" है, तो हम परमेश्वर से कई बार पुष्टि करने के लिए कहते हैं। परमेश्वर हमारे साथ धैर्य रखते हैं, लेकिन हमें इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि उत्तर "नहीं" है और उसकी आज्ञा मानें।)

2. क्या परमेश्वर मुझसे गुस्सा होते हैं? क्यूं? (ऐसे कौन से मामले हैं जिनमें परमेश्वर क्रोधित हो सकता है? जब हम उसकी अवज्ञा करते हैं और उसे छिपाने के लिए झूठ बोलते हैं, जब हम कुछ और करने के लिए काफी संदेह करते हैं, या इतनी सारी शिकायत करते हैं कि हम ऐसा नहीं कर सकते। परमेश्वर तब क्रोधित नहीं होता जब हम डरे होते और परमेश्वर से अपने वचन की पुष्टि करने के लिए कहते हैं।)

3. क्या परमेश्वर वास्तव में मुझसे बात करना चाहता है? (विषय पर चर्चा करें: परमेश्वर क्या कहेगा, वह किससे बात करना चाहता है, जब वह हमसे बात करता है, आदि। यह निष्कर्ष निकालें कि वह हमसे पूरे दिन, और किसी भी चीज के बारे में बात करता है।)

खेल 3

अंदाजा लगाओ कौन

दो टीमों का गठन करो| एक टीम में प्रत्येक बच्चा पिछले पाठों में से एक पात्र का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे शिक्षक द्वारा गुप्त रूप से सौंपा गया है। दूसरी टीम यह अनुमान लगाने की कोशिश करती है कि वे किसका प्रतिनिधित्व करते हैं। वे पात्रों के बारे में विशिष्ट प्रश्न पूछ सकते हैं और उत्तर देने वाले को केवल हां या ना में उत्तर देना होगा। कोई झूठ न बोलें। उदाहरण: यदि पात्र मूसा है और सवाल यह है कि "क्या आपने एक सन्दूक बनाया है?" जवाब होगा, नहीं। "आपका नाम क्या है?" या इस तरह के किसी भी प्रत्यक्ष प्रश्न की अनुमति नहीं है। जो टीम सवाल पूछ रही है वह अनुमान लगा सकती है कि पात्र कौन है जब वे अपने अनुमान के बारे में निश्चित हो जाते हैं। जब समाप्त हो जाए, तो टीमों को भूमिकाएं बदलने दें, इसे मिलाएं, और फिर से खेलें।

उपस्थिति 3



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

गिदोन

गृहकार्य3

इस सप्ताह का गृहकार्य कुछ ऐसा देखना है जो परमेश्वर के अस्तित्व की पुष्टि करता है, कुछ ऐसा जिसे आप अपने जीवन में या किसी और के जीवन में देखते हैं। इसके बारे में लिखें या घर पर नोटबुक में एक उसका चित्र बनाएं, फिर अपने शिक्षक को कलीसिया में इसके बारे में बताएं।

पढ़ें

दिन 1: न्यायियों 10: 6-14
दिन 2: न्यायियों 10: 15-11: 3
दिन 3: न्यायियों 11: 4-13
दिन 4: न्यायियों 11: 28-34
दिन 5: न्यायियों 11: 35-40

4. परमेश्वर आपको महत्व देते हैं

बाइबल की कहानी: यिप्तह

न्यायियों 10: 6-11: 13, 11: 29-40

याद करने की आयत 4

'देखो, परमेश्वर शक्तिशाली है, और वह किसी को तुच्छ नहीं समझता; उसमें समझने की शक्ति अपार है।" अय्यूब 36:5

आवश्यक कहानी 4

स्कूल में हर रोज स्टैफी काफी खराब लगता था। स्कूल में हर कोई उसे उसके परिवार के कारण चिढाते थे क्योंकि वह एक मसीही थी। वह हमेशा दोपहर के भोजन पर अकेले बैठती थी। वह गेंद खेलने में अच्छी नहीं थी, इसलिए व्यायाम क्लास में जब अन्य बच्चों को टीमों के लिए चुना जाता था, तो वह हमेशा अंतिम चुनी जाती थी। वह अपने आस-पास के बच्चों को बताती थी कि वे गेंद खेलने में कितने अच्छे थे, लेकिन वे सिर्फ उस पर हंसते थे और उसे बताते थे कि वह कितना खराब खेलती है। अक्सर, वे उसे अनदेखा कर देते थे। एक सप्ताह वह बहुत बीमार थी और स्कूल नहीं जा सकी। लेकिन जब वह ठीक हो गई, तो वह हर दिन फिर से चिढाये जाने के कारण स्कूल जाने से डर गई। उसने प्रार्थना की, "पिता परमेश्वर, कृपया मेरी मदद करें!"

मुख्य पाठ4

विश्वास के नायकों में वापस आपका स्वागत है! आज हम यह सीखने जा रहे हैं कि परमेश्वर किसे महत्व देते हैं। उन चीजों के बारे मंण एक मिनट के लिए सोचें जिन्हें लोग महत्व देते हैं, वे अलग-अलग चीजें जो जीवन में किसी व्यक्ति की सामाजिक स्थिति को दर्शाती हैं। संसार की कौन सी बातें हैं जो किसी व्यक्ति को अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं? (विभिन्न उत्तरों की अनुमति दें) दुनिया हमें हर समय धन, क्षमताओं (जैसे कि आज की कहानी में स्टैफी), प्रतिभाएं, पारिवारिक पृष्ठभूमि, त्वचा का रंग, बाल, कपड़े, यहां तक कि सही दांत को देखने को कहती है! दुनिया इन चीजों के अनुसार लोगों को अलग महत्व देती है, कुछ लोगों को अधिक दर्जा देती है और दूसरों को कम। लेकिन ये ऐसी चीजें नहीं हैं जिन्हें परमेश्वर देखता है। आपको क्या लगता है कि परमेश्वर क्या देखते हैं? (बच्चों को अनुमान लगाने की अनुमति दें, लेकिन अभी जवाब न दें।) आइए आज की बाइबल कहानी पर नजर डालते हैं।

फिर, इस्राएलियों ने एकमात्र सच्चे परमेश्वर को छोड़कर अन्य देवताओं की आराधना करके पाप किया। तब पलिश्ती और अम्मोनियों ने उन पर 18 साल तक अत्याचार किया। उन्होंने परमेश्वर से उन्हें बचाने के लिए कहा, और उन्होंने देश में सभी विदेशी देवताओं से छुटकारा पा लिया। परमेश्वर ने उनकी प्रार्थनाओं का जवाब दिया और उन्हें बचाने के लिए किसी को भेजा। इस्राएल को किस तरह का आदमी बचा सकता था? आप सोचते होंगे कि वह आदमी महान डील-डौल का एक योद्धा होगा और सभी लोगों द्वारा पसंद किया गया और सम्मानित होगा... लेकिन जिस आदमी को परमेश्वर ने चुना वह यिप्तह नाम का एक आदमी था, जो एक वेश्या का बेटा था। दुनिया ने सोचा कि वह महत्वहीन है, उसे चिढाया गया और उसकी माँ के कारण उसके अपने भाइयों ने भी उसे दूर कर दिया था। यह अनुचित था - उसके साथ इस कारण ऐसा बुरा व्यवहार किया गया था, जिसे उसने कभी नहीं किया था! यीशु मसीह भी जानता है कि यह कैसा महसूस होता है। यहूदियों के अगुवों ने उसका मजाक उड़ाया, उसका अपमान किया और भले ही उसने कुछ भी गलत नहीं किया फिर भी उसे मार डाला। परमेश्वर क्या देखता है? बाइबल कहती है कि परमेश्वर बाहरी दिखावे को नहीं देखता, जैसा कि दुनिया देखती है। परमेश्वर हृदय को देखता है (1 शमूएल 16:7)। यीशु ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पूरी दुनिया (प्रतिष्ठा, धन, महत्व, आदि)

को प्राप्त करता है, लेकिन अपनी आत्मा को खो देता है, तो कोई लाभ नहीं है। (मत्ती 16:26) अपने दिल की ओर इशारा करें। आपकी आत्मा की कीमत पूरी दुनिया से ज्यादा है! जब यीशु मरा, तो उसने आपके लिए किया क्योंकि वह आपको उतना अधिक महत्व देता है। परमेश्वर आपको जितना महत्व देता है, उसे कोई भी सांसारिक प्रतिष्ठा जोड़ या घटा नहीं सकती है। अपने दाहिने तरफ के व्यक्ति और अपने बाएं बैठे व्यक्ति को देखो। आपके द्वारा देखा गया प्रत्येक व्यक्ति पूरी दुनिया से भी अधिक मूल्यवान है। आज की बाइबल कहानी में, परमेश्वर ने लोगों के दिलों को बदल दिया है। जब वे मुसीबत में थे, तो वे यिप्तह के पास गए, जिन्हें उन्होंने भगा दिया था और उससे मदद मांगी थी। उन्होंने लोगों को जीतने में अगुवाई की और 6 वर्षों तक इस्राएल का अगुवा रहा।

मुझे पता है कि परमेश्वर की राय सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे पता है कि परमेश्वर मुझे महत्व देते हैं।

संकल्प 4

जब स्टैफी स्कूल गई, तो उसे सबसे बड़ा आश्चर्य मिला। दूसरे बच्चे खुश थे कि वह वापस आ गई है! "हम तुम्हारी बहुत याद आई!" उन्होंने कहा, "तुम्हारे बिना कुछ मज़ेदार नहीं लग रहा था। तुम हर समय उत्साह बढ़ाने वाली रही हो।" फिर वह जिम की कक्षा में अब चुनी गई अंतिम खिलाड़ी नहीं रह गई थी, भले ही वह अब भी बहुत अच्छी तरह से नहीं खेल पा रही थी।

क्रियाकलाप 4

अपना हाथ बनाओ

बच्चों को A-4 या किसी पन्ने पर या उनकी नोटबुक में अपना हाथ बनाने को कहें। हर उंगली पर वे ऐसा कुछ लिखते या खींचते हैं जो वे चाहेंगे कि परमेश्वर उन्हें दे, जैसे कि कोई उपहार या किसी अन्य व्यक्ति के लिए निवेदन।

समयरेखा 4

यिप्तह का जन्म किस वर्ष में हुआ था? हम सही समय नहीं जानते हैं, लेकिन यह माना जाता है कि उसका जन्म 1118 ई.पू. में हुआ होगा|

यिप्तह की मृत्यु कब हुई? हम वास्तव में नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसकी मृत्यु 1094 ई.पू. में हुई थी|

पहेली के उत्तर 4

मूल्य क्रियाकलाप में, याद रखें कि परमेश्वर प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा को पूरी दुनिया की तुलना में अधिक मूल्यवान मानते हैं (मत्ती 16:26), और वह लोगों के बीच कोई अंतर नहीं करता है (मत्ती 22:16, गलतियों 3:28)। प्रत्येक व्यक्ति के लिए उत्तर 10 या अधिकतम मूल्य है।



प्रे	लि	यां	शित	र	अ	त	प्रे
म	र्ति	खा	श्व	बा	म्मो	ति	बा
मू	द	मे	न्या	इ	नी	लि	रा
उ	र	द	यी	ब	ना	य	क
प	लि	शित	यि	ल	म्मो	जी	ति
हा	स्थि	अ	र्ति	प्त	दि	स्थि	त
स	दि	खा	वा	म	ह	त्व	शित

प्रश्न और उत्तर 4

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. आपने स्कूल में अपनी कक्षा में भेदभाव के कौन से मामले देखे हैं? (विद्यार्थियों द्वारा देखे गए विभिन्न मामलों के बारे में चर्चा करने दें, और यह भी कि कैसे भेदभाव अच्छा नहीं है और यह उस व्यक्ति को चोट पहुँचाता है जो इसे पाता है।)

2. जब मैं भेदभाव को देखता हूं, तो मुझे इसमें क्यों शामिल होना चाहिए? (इस तथ्य पर चर्चा करें कि कुछ भी न करने से बुरा कुछ नहीं करना या कुछ नहीं कहना होता है जब किसी को आपकी आवश्यकता होती है।)

3. वे मुझे अकेला क्यों नहीं छोड़ सकते? (मनुष्य सामाजिक प्राणी है और जल्द ही हम भेदभाव की गलतियों में पड़ जाते हैं, दूसरों की तुलना में अधिक लोकप्रिय होने की इच्छा, और हम पाप में पड़ जाते हैं। लोग हमें कभी भी शांति से नहीं रहने देंगे। हमें अपनी और दूसरों की रक्षा करना सीखना चाहिए। हम यह जानते हुए दृढ़ हो सकते हैं कि हम परमेश्वर में कौन हैं और दूसरों की कही गई बातों की परवाह न करें।"

खेल 4

एक-दूसरे को मूल्य देना

बच्चे एक सर्कल में हाथ पकड़कर खड़े होते हैं। आप लड़कों को लड़कियों से अलग कर सकते हैं और उन्हें एक साथ खेलने दे सकते हैं। एक बच्चा गोले के बाहर होगा और चारों ओर घूमेगा। वह सर्कल से एक बच्चे को चुनेगा और उसकी पीठ को छूएगा और वह अपनी जगह नहीं खोने की कोशिश करते हुए विपरीत दिशा में दौड़ेगा। जो भी पहले पहुंचता है वह उस स्थान को जीत लेता है। हारने वाले के लिए विजेता को कुछ अच्छे गुण को बताते हुए जोर से उसकी तारीफ करनी होगी, उदाहरण: मोहित बहुत बुद्धिमान है।



उपस्थिति 4



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

काव्य पुस्तकें

गृहकार्य 4

इस सप्ताह का गृहकार्य एक स्व-परीक्षा करना है: आप खुद को कैसे देखते हैं? दूसरों से अपनी तुलना न करने के प्रति सावधान रहें। यदि आप अपने आप को कम मूल्य का महसूस करते हैं, तो याद रखें कि परमेश्वर ने आपको वैसे ही बनाया है जैसे कि आप हैं और वह आपको महत्व देता है और आपसे प्यार करता है। यदि आप गर्व महसूस करते हैं, तो याद रखें कि आपका विश्वास यीशु में है, अपने आप पर नहीं। इस सप्ताह प्रत्येक दिन, ज़ोर से बोलो, "मैं यीशु का हूं, और वह मुझे प्यार करता और महत्व देता है।"

पढ़ें

दिन 1: न्यायियों 13:1-5
दिन 2: न्यायियों 15:9-16
दिन 3: न्यायियों 16:4-10
दिन 4: न्यायियों 16:15-22
दिन 5: न्यायियों 16:23-30

5. सारा विवरण

बाइबल की कहानी: शिमशोन

न्यायियों 13:1-25, 14:5-6, 15:9-20, 16:2-31

याद करने की आयत 5

"इसलिए हम पूर्ण भरोसे के साथ अनुग्रह के सिंहासन के पास जायें, जिससे हमें दया मिले और हम वह कृपा प्राप्त करें, जो हमारी आवश्यकताओं में हमारी सहायता करेगी।" इब्रानियों 4:16

आवश्यक कहानी 5

आज सुबह जब स्टैफी के माता-पिता काम पर गए, तो उन्होंने उसके साथ बात की और उससे कहा कि वह उस खाने को रेफ्रिजरेटर में रखना न भूले जो चूल्हे पर था। "बस यही हम तुमसे करने के लिए कहकर जा रहे हैं, और तुम अच्छा व्यवहार करना।" स्टैफी ने सोचा, "कितना अजीब है कि मुझे किसी और चीज का अधिकारी नहीं बनाया गया। लेकिन ठीक है, मैं वही कर सकती हूं जो मैं चाहती हूं।" स्टैफी अखबार पढ़ने गई और अपने माता-पिता से उससे जो कहा था उसे बाद में करने के बारे में सोची, लेकिन वह पढ़ने में इतनी व्यस्त थी कि वह उस बात को भूल गई।

मुख्य पाठ 5

एक बार फिर आपका स्वागत है! आज हम एक बहुत ही असामान्य नायक के बारे में सीखेंगे। एक दिन परमेश्वर का एक दूत एक ऐसे दंपति के पास आया, जिसके कोई संतान नहीं थी और उन्हें बताया कि उनका एक बेटा होगा। वह एक नाज़ीर होगा, जो एक विशेष वायदे के साथ परमेश्वर को समर्पित होगा। उसे शराब पीने, किसी मृत शरीर को छूने या अपने पूरे जीवन में अपने बालों को काटने की अनुमति नहीं था। नाज़री वादा परमेश्वर के साथ हमारे जीवन की एक तस्वीर है, ऐसा कुछ नहीं जो हम आज करते हैं क्योंकि यीशु ने व्यवस्था को पूरा किया है। लेकिन परमेश्वर बदला नहीं है, और वह अभी भी पूरे बातों पर ध्यान देता है। जब तक शिमशोन ने वचन का पालन किया, परमेश्वर ने उसे अलौकिक शक्ति प्रदान की। एक दिन, एक शेर ने उस पर हमला करने के लिए उस पर कूद लगाई, लेकिन उसने शेर को अपने खाली हाथों से फाड़ डाला! दूसरी बार, इस्राएलियों ने उसे पलिश्तियों के हवाले कर दिया। शिमशोन ने अपने हाथों से उन नई रस्सियों को तोड़ डाला, एक जबड़े को लिया और अकेले ही 1000 पलिश्तियों को मार डाला! एक और बार, पलिश्तियों ने शहर को घेर लिया। शिमशोन ने शहर के फाटकों और दीवार को तोड़ डाला और उन्हें एक पहाड़ी की चोटी पर ले गया। कुछ भी ऐसा नहीं था, जो शिमशोन की ताकत को हराने के लिए पलिश्ती कर सकते थे। उसी तरह, हमारे अंदर परमेश्वर की सामर्थ है और हमारा शत्रु, शैतान कभी जीत नहीं सकता है। बाद में शिमशोन को दलीला नाम की एक पलिश्ती महिला से प्यार हो गया। उसने उसे अपनी ताकत का राज बताने के लिए तब तक बहकाया जब तक कि उसने उसे अपने बालों के बारे में नहीं बताया। जब उसने उसके बाल काट दिए, तो उसकी शक्ति चली गई! पलिश्तियों ने उसे पकड़ लिया, अंधा कर दिया और कैद कर लिया। परमेश्वर हर बात पर ध्यान देता है। हमारे जीवन में, हम चर्च जा सकते है लेकिन ध्यान नहीं देते होंगे। यह आज की कहानी में स्टैफी की तरह आज्ञा ना मानना हो सकता है, या आपके माता-पिता के विरुद्ध कोई विद्रोह भी हो सकता है जिसे आप छिपाने की कोशिश करते हैं। यह किसी के विरूद्ध ईर्ष्या हो सकती है। चाहे जो कुछ भी हो, आप परमेश्वर से कुछ भी नहीं छिपा सकते। जब आप पाते हैं कि यह क्या है, तो इसका पश्चाताप करें, और परमेश्वर आपको अपनी ताकत वापस दे देंगे। कुछ समय बाद, शिमशोन के बाल वापस उग आए। एक बड़े उत्सव में, पलिश्तियों ने

उसका मजाक उड़ाने के लिए शिमशोन को बाहर निकाला। उसने परमेश्वर से उसे एक आखिरी बार सामर्थ देने के लिए प्रार्थना की, मंदिर के दो मुख्य स्तंभों को धक्का देते हुए और पूरी इमारत टूट के नीचे गिर पड़ी। उसने अपने पूरे जीवन की तुलना में मृत्यु के समय अधिक पलिश्तियों को मार डाला। उसी तरह, यीशु भी परमेश्वर की सामर्थ में होकर पृथ्वी पर चला - कोई भी उसे रोक नहीं सका। हालाँकि शिमशोन ने बहुत सारी गलतियाँ कीं, लेकिन यीशु ने एक बार भी कोई पाप नहीं किया। शिमशोन की तरह, यीशु ने पाप और शैतान के विरूद्ध जीत हासिल की और सबसे मजबूत झटका तब दिया जब वह क्रूस पर मरा और फिर जी उठा। यीशु के कारण, जब हम शिमशोन की तरह सभी प्रकार की गलतियाँ करते हैं, तो भी हम पर अनुग्रह होता है। यीशु हमारे साथ है और हमें सिखाएगा कि उसके लिए कैसे जीना है, और अक्सर उसका अनुसरण करने का मतलब सब बातों पर ध्यान देना है।

मैं सब बातों में परमेश्वर की आज्ञा का पालन करूंगा।

संकल्प 5

जब उसके माता-पिता पहुंचे, तो वे कुछ मेहमानों को खाने के लिए ले आए। उनके आश्चर्य के लिए, जो काना पहले से ही बनाया गया था, वह खराब हो चुका था।

क्रियाकलाप 5

नया मौका

एक शीट को दो भागों में विभाजित करते हुए एक रेखा खींचें। पहले हिस्से में आप एक स्थिति डालेंगे जिसमें चीजें गलत हो गई हैं। दूसरे में आप एक या एक से अधिक विचार रखेंगे कि कैसे परमेश्वर आपको एक और मौका दे सकता है और आप चीजों को कैसे बदल सकते हैं।



समयरेखा 5

शिमशोन का जन्म किस वर्ष में हुआ था? हम सही से नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसका जन्म 1119 ई.पू. में हुआ होगा|

शिमशोन की मृत्यु कब हुई? हम सटीक समय नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसकी मृत्यु 1079 ई.पू. में हुई थी|

पहेली के उत्तर 5

वा	ल	प	च्चा	स्व	श	क्ति	ना
शे	दा	लि	बा	दा	र्ग	ली	ज़
र	र्थ	श्ति	द	ली	ला	दू	री
ज	स्सि	यों	ड़ा	ट	र्थ	बा	त
ब	च्चा	यां	शि	म	शो	न	ल
ड़ा	धो	दू	सा	स्सि	फा	ट	क
श्ति	शे	खा	स्व	र्ग	द	त	क्ति

सही या गलत

यदि उत्तर सही है और यह संकेत यदि उत्तर गलत है, तो यह संकेत को गोला करें।

1. शिमशोन की सामर्थ उसके दिल में पाई जाती थी।
2. दलीला ने शिमशोन के साथ विश्वासघात किया और उसे पलिश्तियों को सौंप दिया।
3. मंदिर के ढहने के साथ कई पलिश्तियों की मृत्यु हो गई जबकि शिमशोन जीवित रहा।
4. शिमशोन अपने बालों के बिना भी काफी शक्तिशाली था।
5. शिमशोन ने एक गधे के जबड़े से एक हजार लोगों को मार डाला।

प्रश्न और उत्तर 5

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. क्या मैं चीजों को अपने तरीके से कर सकता हूं? (यदि हम यीशु का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें चीजों को उसके तरीके से करने की आवश्यकता है। हालांकि उद्धार एक मुफ्त उपहार है, लेकिन अंत में हम अपने संपूर्ण अस्तित्व को परमेश्वर को समर्पित कर रहे हैं, जिसमें जीवन का विवरण भी शामिल है।)

2. अच्छे लोग स्वर्ग जाते हैं, क्या ऐसा नहीं हैं? (अच्छे होने या हमारे पापों के लिए यीशु मसीह द्वारा भुगतान किए जाने के बीच अंतर पर चर्चा करें। कोई भी व्यक्ति परिपूर्ण नहीं है।)

3. मुझे परमेश्वर पर भरोसा क्यों करना चाहिए? (केवल परमेश्वर ही एक है जिस पर हम विश्वास कर सकते हैं। हमारे पापा, पास्टर और शिक्षक समय-समय पर हमें विफल कर सकते हैं। यह काफी दुख देता है, लेकिन अंत में, हमें केवल परमेश्वर पर भरोसा रखना होगा।)

खेल 5

ध्यान देना

बच्चे एक सर्कल बनाते हुए बैठते हैं, और कोई विद्यार्थी यह अनुमान लगाने की कोशिश करने के लिए बीच में जाएगा कि अगुवा कौन है। एक अगुवे को केंद्र में खड़े बच्चे के बिना जाने चुना जाता है कि वह कौन है या नहीं है। चुना गया अगुवा किसी "एक्शन" या क्रिया को दोहराना शुरू करेगा और बाकी बच्चे उसकी नक़ल करते हैं, बिना बीच में खड़े बच्चे को ध्यान दिए जो इसे शुरू करता है। क्रियाएं सरल होनी चाहिए जैसे कि किसी के सिर को थपथपाना, नाक, कान को छूना आदि, जब केंद्र में खड़ा विद्यार्थी य अनुमान लगाता है कि अगुवा कौन है, तो वे उनके बीच की स्थिति को बदल देंगे और वे सभी फिर से खेलेंगे।

उपस्थिति 5

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

शिमशोन

गृहकार्य 5

इस सप्ताह आपका गृहकार्य जीवन के विवरणों पर ध्यान देना है। क्या आप अपने माता-पिता की बात मान रहे हैं? क्या आप लोगों का साथ अच्छे सम्बन्ध में है? क्या आपने सभी को माफ़ कर दिया है? क्या आप अपने अधिकारियों (माता-पिता, शिक्षक, पास्टर, आदि) से कुछ छिपा रहे हैं? ऐसा विवरण चुनें जिसे आप भूल रहे हैं, परमेश्वर से क्षमा मांगें और उससे मदद मांगें, उसे किसी अधिकार के सामने स्वीकार करें, फिर उससे पश्चाताप करें। बाकी सप्ताह के दौरान उस विवरण के साथ सही काम करने के विषय में सावधान रहें।

पढ़ें

दिन 1: रूत 1:1-7
दिन 2: रूत 1:11-18
दिन 3: रूत 2:1-4
दिन 4: रूत 2:19-23
दिन 5: रूत 4:9-15

6. परमेश्वर आपको आशीष देते हैं

बाइबल की कहानी: रूत

रूत 1:1-3:3, 3:16-4:22

याद करने की आयत 6

'धन्य है वह मनुष्य, जो प्रभु पर भरोसा करता है; जिसका भरोसा ही प्रभु है। 8वह मानो कल-कल करते झरने के तट पर रोपा गया वृक्ष है; जिसकी जड़ें गहरे पानी में होती हैं। जब दोपहर के सूरज की प्रखर किरणें उस पर पड़ती हैं, तब वह उनकी गर्मी से नहीं मुरझाता; उसके पत्ते सदा हरे बने रहते हैं। वर्षा न होने पर भी उनको चिन्ता नहीं होती, क्योंकि वह सूखा पड़ने पर भी फलता है।" यिर्मयाह 17:7-8

आवश्यक कहानी 6

आज स्कूल में, कपिल के शिक्षक ने पूरे समूह के सामने एक प्रस्ताव रखा। "मैं प्रस्ताव देता हूं कि कक्षा के बाद हर दिन आप कक्षा को साफ करने और चीज़ों को व्यवस्थित करने में मेरी मदद करें। फिर हम जल्दी खत्म कर सकते हैं और खुशी-खुशी अपने घर जा सकते हैं। अगर कोई मेरी मदद करता है, तो सेमेस्टर के अंत में मैं उन्हें एक पुरस्कार दूंगा।" कपिल सहित हर किसी को यह विचार पसंद आया, लेकिन यह थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि वह सबसे दूर रहता है। फिर भी सब वहां रूकने लगे। कुछ समय के बाद उन्होंने सोचा कि वहां रूकने का ज्यादा फायदा नहीं है, यह सोचकर कि कोई छोटा पुरस्कार होगा। लेकिन कपिल ने किसी भी चीज के लिए शिक्षक की मदद करना बंद नहीं किया। वह हमेशा वहाँ था, पुरस्कार के बारे में ज्यादा सोचे बिना।

मुख्य पाठ6

फिर से स्वागत है! न्यायियों के समय में, यिप्तह और शिमशोन की तरह, एक और खूबसूरत कहानी थी। अकाल के कारण एक इस्राएली अपने परिवार को मोआब ले गया। 10 साल के भीतर, पिता और दोनों बेटों की मृत्यु हो गई। हम पाप से दूषित दुनिया में रहते हैं, और गैर-मसीही और मसीही दोनों के लिए बुरी चीजें होती रहती हैं। यीशु ने कहा कि हमें समस्याएँ होंगी लेकिन वह कठिन समय में हमारे साथ रहेगा। विधवा नाओमी अपनी दो बहुओं रूत और ओर्पा के साथ वापस इस्राएल लौटने लगी। रास्ते में, नाओमी ने उन्हें मोआब में उनके घर भेज दिया, यह सोचकर कि यह उनके लिए बेहतर होगा। वे एक दूसरे से प्यार करते थे, और विदा होना बहुत दुखभरा था। ओर्पा वापस मोआब चली गई, लेकिन रूत ने नओमी के प्रति वफादार रहते हुए कहा कि नाओमी का परमेश्वर और लोग रूत का परमेश्वर और लोग होंगे। बेतलेहम में घर पर, नाओमी ने कहा कि उसका जीवन बहुत कड़वा हो गया है। जब बुरी बातें हमारे साथ होती है, तो कड़वा बनना आसान होता है। लेकिन रूत नाओमी के प्रति वफादार बनी रही और जौ इकट्ठा करते हुए बोआज़ के खेतों में मेहनत की। फिर जब उसकी सास ने उसे बताया कि उसे क्या करना है, तो उसने बिना किसी सवाल के उसकी बात मानी। निष्ठा, परिश्रम और आज्ञाकारिता परमेश्वर को सुंदर कपड़े, बालों के स्टाइल, श्रृंगार की तुलना में बहुत अधिक सुंदर लगते हैं। बोअज़ ने भी ध्यान दिया। उसने रूत से कहा कि वह उसके खेत में काम करती रहे क्योंकि वह उसकी रक्षा कर सकता था। वह दयालु और उदार था, उसे अपने सेवकों के साथ दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित करता था और उसे अधिक भोजन देता था। जब शादी करने का समय आया, तो बोअज़ ने सब कुछ सही और परमेश्वर को प्रसन्न करने के तरीके से संभाल लिया। दयालुता, उदारता और धार्मिकता यीशु को दर्शाती है और ताकत और कद-काठी से अधिक महत्वपूर्ण हैं। बाइबल कहती है कि जब हम अपने आप को प्रभु में आनंदित करते हैं, जब हम

उसे अपने जीवन में सबसे महत्वपूर्ण और अद्भुत चीज मानते हैं, तो वह हमें हमारे दिल की इच्छा प्रदान करता है। (भजन 37: 4) यीशु ने कहा कि वह हमें बहुतायत का जीवन देने के लिए आता है (यूहन्ना 10:10)

यीशु ने यह भी कहा कि जब हम उसे सब कुछ देते हैं, तो वह हमें 100 गुना अधिक प्रतिफल देता है, कुछ इस जीवन में और कुछ स्वर्ग में! (मत्ती 19:28-30) परमेश्वर हमें आशीष देना चाहता है। बोअज़ और रूत ने शादी की और एक बेटा हुआ जो नाओमी के लिए खुशी लेकर आया। कभी-कभी हमारे लिए परमेश्वर की आशीष अन्य लोगों की भी मदद करती है। बोअज़ और रूत भविष्य के होने वाले राजा दाऊद के दादा-दादी बने और यीशु मसीह के पूर्वज बने। आपके जीवन में परमेश्वर की आशीष भविष्य के एक परिवार में, या एक दोस्त में हो सकता है जिसे आप हमेशा चाहते थे, या एक काम का पूरा होना, या परमेश्वर की सेवा करने के लिए बड़े अवसर मिलना हो सकता है। बाद में आज हम देखेंगे कि कपिल को आशीष मिली। परमेश्वर यह दिखाने के लिए कि वह आपसे प्यार करता है, सभी प्रकार की छोटी-छोटी चीजों का उपयोग करता है। परमेश्वर आपको आशीष देना चाह रहा है, और जब आप परमेश्वर को पहले स्थान पर रखते हैं और उसी में आनंदित रहते हैं और जिस तरह से उन्हें पसंद हैं उसी तरह का जीवन जीते हैं, जबकि यह मुश्किल हो, तो परमेश्वर आपको आशीष देने में प्रसन्न होगा।

मेरा विश्वास है कि परमेश्वर मुझे आशीष देना चाहते हैं, और मैं उनका अनुसरण करने की पूरी कोशिश करूंगा चाहे कुछ भी हो।

संकल्प 6

वह दिन आ गया, और शिक्षक ने कपिल को सरप्राइज दिया क्योंकि केवल वही था जो हमेशा वहां मौजूद रहा। और आपको क्या लगता है कि वह उपहार क्या था? ...

वाह, एक सुंदर साइकिल! यह कपिल के लिए एक महान उपहार था, क्योंकि इसके साथ वह जल्द ही घर आ सकता था और उसे इतना थकने की जरूरत नहीं थी।

क्रियाकलाप 6

याद दिलाना

निम्नलिखित कार्य विद्यार्थियों को कुछ ऐसा याद रखने के लिए है जिसके साथ परमेश्वर ने उन्हें आशीष दी है।

एक ए-4 आकार का पेपर लें और इसे मोड़ें, जैसा कि तस्वीर में दिखाया गया है। कुछ स्थान बनाएं जहां वे एक चित्र या कुछ ड्राइंग को रखेंगे। यदि आपके पास घर में तस्वीर है, तो आप इसे लगाने के लिए जगह को काट सकते हैं। तस्वीरें या चित्र आपके परिवार के हो सकते है या कुछ ऐसा हो सकते हैं जो आपके पास हैं और आपको बहुत पसंद हैं।



समयरेखा 6

रूत की कहानी कब हुई? अ. हमारे पास एक सटीक समय नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि यह वर्ष 1230 ईसा पूर्व में हुआ था।

पहेली के उत्तर 6

जौ	या	ल	ड़	ब	फा
मो	का	रू	आ	शी	षें
अ	उ	मो	री	शा	उ
उ	ति	दा	भो	दी	मै
दी	फा	रि	र	ज	दा
व	क	लु	क्त	आ	न
ओ	र्पा	ड़	बो	अ	ज़
द	या	लु	वा	रू	त



प्रश्न और उत्तर 6

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. तो, वहां मेरे लिए क्या है? (परमेश्वर उदार है, और वह हमें आशीष देना पसंद करता है। आपका सबसे बड़ा सपना क्या है? कुछ वर्षों तक प्रतीक्षा करें और देखें कि परमेश्वर इसे पूरा करते हैं। ध्यान से देखें कि आपके विद्यार्थी क्या मांग रहे हैं, वह नई कार नहीं है, नया मोबाइल है, आदि और उन्हें बेहतर और अधिक महत्वपूर्ण चीजों के बारे में सपने देखने में मदद करें।)

2. अगर परमेश्वर हमें आशीष देना चाहते हैं, तो वह बुरा क्यों होने देता है? (हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां बहुत पाप है, और कठिन चीजें सभी के साथ होती हैं। इसके अलावा, परमेश्वर हमारे शरीर की तुलना में हमारे दिलों के बारे में अधिक परवाह करते हैं। हमारी आत्माएं और प्राण शाश्वत हैं, लेकिन शरीर ऐसा नहीं है। परमेश्वर दर्द और मुश्किल हालात का उपयोग हमारे हृदय को बदलने और परिपक्व बनाने के लिए करते हैं।)

3. हर कोई कलीसिया में "परमेश्वर आपको आशीष दें" क्यों कहते हैं? (यह एक आदत बन गई है, केवल एक अभिवादन, लेकिन चूंकि हर कोई इससे परिचित है ... इसलिए इसमें भाग क्यों नहीं लेना चाहिए?)

खेल 6

☐शीषों का मिश्रण



एक व्यक्ति विक्रेता है, दूसरा व्यक्ति खरीदार और बाकी आशीषें हो सकते हैं। शिक्षक बच्चों को आशीषों के नाम प्रदान करेगा (नीचे दिए गए उदाहरण अनुसार)। जब खरीदार आएगा, तो वह कहेगा: मुझे एक आशीष चाहिए। विक्रेता कहेगा: आप किस आशीष को ढूंढ रहे हैं? और आप दी गई सूची में से चुन सकते हैं। खरीदार पूछता है, इसकी कीमत क्या है? यदि वह आशीष वहां है, तो उसका प्रतिनिधित्व करने वाला बच्चा अपनी उम्र को चिल्ला कर बताता है और पकड़े न जाने के लिए भागता है। खरीदार हाथ की ताली के साथ विक्रेता को बच्चे की उम्र की संख्या का भुगतान करेगा, फिर दोनों आशीष का प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चे को पकड़ने की कोशिश करेंगे। यदि वह पकड़ा जाता है, तो दौड़ता हुआ बच्चा हार जाता है, और यदि नहीं, तो वह लौट आता है और उसे दूसरा नाम सौंपा जाता है। आशीषें हो सकती है:

1. भोजन
2. उद्धार
3. स्वास्थ्य
4. बर्गर
5. कपड़े
6. मिठाई
7. केक
8. खिलौने
9. शांति
10 बुद्धि
11. आनंद
12. परिवार
13. प्यार
14. मित्र
15. अनन्त जीवन

वैकल्पिक: आप छोटी दुकान को दिखाने के लिए एक मेज, कुर्सी, पेड़ या यहां तक कि एक बड़े पत्थर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

उपस्थिति 6

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

रूत

गृहकार्य 6

इस सप्ताह आपका गृहकार्य एक ऐसी चीज के बारे में सोचना है जो आपके पास है जो आपको पसंद है, जैसे कि आपका परिवार, एक दोस्त, आपका घर या पलंग, एक खिलौना, स्कूल में आपकी पसंदीदा कक्षा, आदि। इस सप्ताह हर दिन इन बातों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें|

पढ़ें

दिन 1:1 शमूएल 1:1-8
दिन 2:1 शमूएल 1:9-20
दिन 3:1 शमूएल 3:1-6
दिन 4:1 शमूएल 3:7-14
दिन 5:1 शमूएल 3:15-21

7. परमेश्वर आपको नियुक्त करता है

बाइबल की कहानी: शमूएल
1 शमूएल 1:1-28, 3:1-21

याद करने की आयत 7

"तुम ने मुझे नहीं चुना, बल्कि मैंने तुम्हें इसलिए चुना और नियुक्त किया कि तुम संसार में जाओ और फलवंत हो तथा तुम्हारा फल बना रहे, जिससे तुम मेरे नाम में पिता से जो कुछ माँगो, वह तुम्हें प्रदान करे।" योहन 15:16

आवश्यक कहानी 7

कपिल के चर्च में वे वेकेशन बाइबल स्कूल का आयोजन करने जा रहे हैं। सभी बच्चों को एक नाटक और कुछ अन्य चीजें करने के लिए तैयार किया गया था। सभी को उनके संडे स्कूल के शिक्षक द्वारा निर्देशित किया गया था, लेकिन कपिल के पास भाग लेने के लिए कुछ भी नहीं था। वह बहुत दुखी हुआ और सोचा कि वह बेकार है, कि परमेश्वर उसका उपयोग नहीं करता या उसका उपयोग नहीं करेगा।

मुख्य पाठ7

विश्वास के नायकों में फिर से आपका स्वागत है! आज हम शमूएल के बारे में सीखने जा रहे हैं, जो इस्राएल में अंतिम न्यायी था और परमेश्वर ने उसे कैसे बुलाया। विश्वास के सभी पुरुषों और स्त्रियों को याद रखें जिनके बारे में हमने सीखा है? आपको क्या लगता है कि शमूएल किस तरह का व्यक्ति था: एक महान योद्धा, एक अमीर आदमी, या एक याजक? आइए जानें कि परमेश्वर ने उसे कैसे बुलाया। इस्राएल की एक महिला के कोई बच्चे नहीं थे, और इसने उसे बहुत दुखी किया। एक बार जब वह अपने पति के साथ चर्च में परमेश्वर की आराधना करने के लिए गई, तो उसने चुपचाप प्रार्थना करते हुए परमेश्वर से एक बच्चे के लिए प्रार्थना की, और कहा कि वह उस बच्चे को परमेश्वर को देगी। घर जाने के बाद, परमेश्वर ने उसकी प्रार्थना का उत्तर दिया और उसके पास अब एक छोटा लड़का था जिसका नाम शमूएल था। वह शमूएल को मंदिर में ले आया और वह एली याजक की देखभाल करने के लिए वहाँ पला -बढ़ा। एक दिन, जबकि शमूएल अभी सिर्फ एक लड़का ही था, वह मंदिर के अंदर सो रहा था और मोमबत्तियों की देखभाल कर रहा था। रात के दौरान, उसने किसी को पुकारते हुए सुना, "शमूएल! शमूएल!" वह उठा और एली के पास भागा और कहा," मैं यहाँ हूँ!" लेकिन एली ने उसे नहीं बुलाया था। तीन बार ऐसा ही होने के बाद, एली को एहसास हुआ कि परमेश्वर उसे बुला रहे थे। उसने शमूएल को वापस जाने और परमेश्वर की बात सुनने को कहा। अगली बार जब परमेश्वर ने उसे बुलाया, तो शमूएल ने कहा, "मैं यहाँ हूँ।" जब परमेश्वर अपने राज्य में अद्भुत काम करना चाहता है, तो कभी-कभी हम सोचते हैं कि परमेश्वर केवल स्वर्गदूतों का इस्तेमाल करेगा या नीचे उतरकर एक बड़ी आवाज़ में बातें करेगा। परमेश्वर ने उन दोनों को किया है, लेकिन अधिकतर समय, परमेश्वर आपके और मेरे जैसे साधारण लोगों का इस्तेमाल करते हैं! परमेश्वर केवल पादरियों, मिशनरियों या शिक्षकों का ही उपयोग नहीं करना चाहते। परमेश्वर आपको उपयोग करना चाहते हैं, एक बच्चे के रूप में भी, जहाँ आप हैं! बाद में हम देखेंगे कि कैसे परमेश्वर आज कहानी में कपिल को नियुक्त करते हैं। यीशु ने कहा कि उसकी भेड़ें (आप) उसकी आवाज सुन और पहचान सकती हैं। (यूहन्ना 10:27) आपको परमेश्वर के लिए शमूएल की तरह बुलाये जाने को तैयार होने के लिए, कलीसिया में समय बिताएँ और जहाँ भी अवसर मिले दूसरों की मदद करें। सलाह के लिए अपने माता-पिता, शिक्षकों और पास्टर से पूछें ताकि वे आपको उनकी आवाज़ सुनने में मदद कर सकें। फिर जब परमेश्वर आपको बुलाता है, तो कहें " मैं यहाँ हूँ!" और जो कुछ वह आपसे करने को कहे, उसे करो। शमूएल को परमेश्वर का संदेश मिलने के

बाद, वह रात को सो गया और सुबह उठकर एली को बताया। उदाहरण के लिए, यदि परमेश्वर आपको एक रेस्तरां में खाने के बीच में बुलाता है, तो हर कोई जो काम कर रहे हैं उसमें बाधा न डालें ताकि लोग आपको सुपर-आत्मिक समझे। दूसरों से अनुमति मांगे और प्रार्थना करने के लिए किसी विश्रामकक्ष या बाथरूम में जाएं। यह मूर्खतापूर्ण लग सकता है, लेकिन परमेश्वर आपसे कहीं भी बात कर सकते हैं। फिर आप वापस आ सकते हैं और अपने माता-पिता या शिक्षक को इसके बारे में बता सकते हैं जब समय सही हो। शमूएल ने अपने जीवन के शेष समय परमेश्वर के वचन को विश्वासयोग्यता से बोलता गया। वह इस्राएल के अंतिम न्यायी थे, और परमेश्वर ने उनका इस्तेमाल इस्राएल के पहले दो राजाओं के अभिषेक के लिए किया।

जब परमेश्वर मुझे बुलाते हैं तब मैं तैयार रहने को चुनता हूं।

संकल्प 7

वह केवल वेकेशन बाइबल स्कूल में सुनने गया था। लेकिन एक दिन उसे वी.बी.एस. में एक लड़का मिला जो रो रहा था और कह रहा था कि कोई भी उसे नहीं चाहता। कपिल ने परमेश्वर के वचन के बारे में उससे बात करनी शुरू की और उसे बताया कि परमेश्वर उससे प्यार करता है और परमेश्वर हमेशा उसके साथ है। कपिल ने उसे कलीसिया में आमंत्रित किया, और तब से उस बच्चे और उसकी माँ ने कलीसिया जाना बंद नहीं किया। वहाँ पर कपिल ने महसूस किया कि परमेश्वर वास्तव में उसे अपनी सेना का हिस्सा बनाना चाहते हैं।

क्रियाकलाप 7

बुलाहट

एक कागज़ पर लिखें कि आपको कैसा लगता है कि परमेश्वर आपको सेवा करने के लिए बुला रहा है या आप किस तरह सोचते हैं कि परमेश्वर आपको आपकी उम्र में या आपकी स्थिति में बुला सकता है। उदाहरण: बाइबल के माध्यम से बात करना, एक शिक्षक, एक कलीसिया कार्यक्रम में मदद करना, स्कूली विद्यार्थी की मदद करना जिसे आप रोते हुए देखते हैं या कहता है कि उसका कोई मूल्य नहीं है या उसे अपना जीवन पसंद नहीं है।

समयरेखा 7

किस वर्ष शमूएल ने इस्राएल का नेतृत्व करना शुरू किया? अ. हमारे पास सटीक समय नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि उसने 1143 ईसा पूर्व में नेतृत्व करना शुरू किया था। शमूएल की मृत्यु कब हुई? अ. हमारे पास सटीक समय नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि उनकी मृत्यु वर्ष 1055 ई.पू. में हुई होगी|

पहेली के उत्तर 7



पा	ए	ली	इ	सु	7	प	वि
बु	ठ	मू	स्रा	ठ	न	र	श्वा
सु	ला	7	ए	न	श्व	ना	स
श	मू	ए	ल	मे	ला	आ	यो
सं	नीं	पा	र	बु	न्या	ठ	ग्य
ज़	दे	प	आ	वा	ज़	यी	7
नीं	द	श	प	ठ	7	रा	त

प्रश्न और उत्तर 7

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. लेकिन मैं क्या अंतर ला सकता/सकती हूँ? (यह आश्चर्यजनक है कि एक व्यक्ति क्या हासिल कर सकता है। भले ही हम छोटे दिखते हैं, हम बहुत कुछ कर सकते हैं। यह बड़ी संख्या के बारे में एक पल को भूलने में मदद करता है, लाखों लोग जो भूखे हैं, और सिर्फ एक व्यक्ति पर ध्यान केंद्रित करते हैं। क्या कोई आप के आस-पास है जो एक जरूरतमंद हो! एक व्यक्ति की मदद हमें शुरू करने में मदद करता है ... फिर एक और ... और एक और ... और जल्द ही आप एक बड़े अंतर का हिस्सा होंगे!)

2. दुनिया में सभी लोगों के लिए पर्याप्त भोजन और पैसा क्यों नहीं है? (इस स्थिति के बारे में सोचने के लिए अपने विद्यार्थियों की मदद करें। शायद परमेश्वर चाहते हैं कि हम एक-दूसरे के साथ बांटना सीखें। हो सकता है कि यह आदम के साथ दुनिया में प्रवेश करने वाले उस पाप का हिस्सा हो।)

3. अगर कोई मुझसे नफरत करता है तो क्या करें? (हम सभी के साथ दोस्त नहीं बन सकते, लेकिन परमेश्वर हमसे हमारे दुश्मनों की भी मदद करने के लिए कहते हैं। कौन जानता है? शायद परमेश्वर के पास प्रत्येक व्यक्ति के लिए बड़ी योजनाएं हैं, और वह आपको इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है!)

खेल 7

भेड़िया और भेड़



बच्चे हाथ पकड़कर एक गोला बनाते हैं। एक बच्चे को भेड़िया और दूसरे बच्चे को भेड़ का बच्चा बनने को कहें। भेड़ घेरे के अंदर होगी और भेड़िया बाहर, हाथों को पकड़े हुए बच्चे भेड़िये द्वारा भेड़ को पकड़ने नहीं देंगे। भेड़िया उस भेड़ को पकड़ने के लिए घेरे में प्रवेश करने की कोशिश करेगा, या तो ऊपर से, नीचे या कड़ियों को तोड़कर। दो बच्चों की प्रत्येक कड़ी जो टूट जाती है या भेड़ियों को अंदर या बाहर जाने देती है, उन्हें घेरे को छोड़ना होगा। भेड़ और भेड़िया दोनों सर्कल में प्रवेश कर सकते हैं या बाहर निकल सकते हैं।

उपस्थिति 7

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

शमूएल

गृहकार्य 7

इस सप्ताह का गृहकार्य हर दिन कुछ दया के काम करने के लिए है, उदाहरण के लिए ,सड़क के पार एक बुजुर्ग व्यक्ति की मदद करना, एक वयस्क के लिए सुपरमार्केट से किराने का सामान उठाने में मदद करना, दूसरे विद्यार्थी को अपने गृहकार्य के साथ स्कूल में मदद करना, आदि। अगली कक्षा के समय में, अपने कार्यों के बारे में अपने शिक्षक को बताएं।

पढ़ें

दिन 1: 1 शमूएल 5: 1-6
दिन 2: 1 शमूएल 5: 7-12
दिन 3: 1 शमूएल 6: 1-6
दिन 4: 1 शमूएल 6: 7-12
दिन 5: 1 शमूएल 6: 13-16, 7: 1

8. परमेश्वर सर्वशक्तिमान है

बाइबल कहानी: वाचा का सन्दूक
1 शमूएल 4: 1-11, 5: 1-6: 21

याद करने की आयत 8

"क्योंकि तुम्हारा प्रभु परमेश्वर समस्त देवताओं का परमेश्वर है। वह समस्त स्वामियों का स्वामी है। वह महान, बलवान और आतंकमय परमेश्वर है। वह किसी का पक्षपात नहीं करता, और न किसी से घूस ही लेता है।" व्यवस्था-विवरण 10:17

आवश्यक कहानी 8

क्रिस एक दिन अपने एक दोस्त के साथ चर्च में था, और उसका दोस्त लगभग रो रहा था क्योंकि उसके सिर में दर्द हो रहा था। तब क्रिस ने उसके लिए प्रार्थना करने के बारे में सोचा, यह देखने के लिए कि क्या उसका सिरदर्द हट जाएगा। उसने थोड़ी देर प्रार्थना की, और आपको क्या लगता है कि हुआ होगा?

उसके दोस्त को अब सिरदर्द महसूस नहीं हो रहा था! उस दिन से क्रिस ने सोचा कि उसके पास बीमारों को ठीक करने की शक्ति है, और वह भूल गया कि यह वह नहीं था जिसने ऐसा किया है बल्कि परमेश्वर थे। वह अपने दोस्तों के बीच स्कूल में घमंड करता था कि वह क्या कर सकता है।

मुख्य पाठ8

पिछले हफ़्ते हमने सीखा कि परमेश्वर लोगों को आश्चर्यजनक कामों को करने में इस्तेमाल करना पसंद करता है। इस सप्ताह हम सीखेंगे कि उसे लोगों की ज़रूरत नहीं है। पुराने दिनों में, परमेश्वर की उपस्थिति सन्दूक नामक एक बड़े सुनहरे बक्से के ऊपर इस्राएलियों के बीच रहती थी। संदूक के अंदर दस आज्ञाओं की पट्टियाँ, हारून की लाठी, और एक पात्र में मन्ना या स्वर्गीय रोटी थी जो इस्राएलियों ने मरुस्थल में खाया था। परमेश्वर द्वारा शमूएल को बुलाये जाने के बाद, जिसके बारे में हमने पिछले सप्ताह सीखा था, इस्राएलियों ने पलिश्तियों के विरुद्ध एक बड़ी लड़ाई लड़ी। इस्राएली पहली लड़ाई हार गए, इसलिए वे यह सोचकर परमेश्वर के सन्दूक को ले आये कि वे अब इस युद्ध को जीत लेंगे क्योंकि परमेश्वर उनके साथ थे। कभी-कभी हम सोचते हैं कि परमेश्वर को वह सब कुछ करना चाहिए जो हम उससे चाहते हैं कि वह हमारे लिए करे, जैसे कि आज की कहानी में क्रिस ने पहले सोचा था। लेकिन परमेश्वर निर्देशों के इंतजार में किसी बोतल में बंद नहीं है। परमेश्वर सर्व-शक्तिमान है, वह हर जगह मौजूद है और सब कुछ जानता है, और वह अपने उद्देश्यों को पूरा करेगा। लड़ाई के दूसरे दिन, इस्राएल की सेना हार गई, और पलिश्तियों ने सन्दूक पर कब्जा कर लिया।

इस्राएली भयभीत थे। कभी-कभी हम परमेश्वर की प्रतिष्ठा के बारे में चिंता करते हैं, लेकिन परमेश्वर बड़ा है और इसकी देखभाल कर सकता है। पलिश्तियों ने संदूक को ले लिया और उसे अपने आराध्य देव के चरणों में एक मंदिर में रख दिया। सुबह, मूर्ति सन्दूक के सामने नीचे गिरी पड़ी थी! उन्होंने इसे वापस खड़ा किया, लेकिन अगली सुबह यह फिर से गिर गया और सिर और हाथ टूट गए। साथ ही, उस शहर में लोगों के फोड़े निकल पड़े। परमेश्वर सर्व-शक्तिमान है और अपनी लड़ाई स्वयं लड़ सकता है। पलिश्तियों ने संदूक को तीन अलग-अलग शहरों में पहुंचाया और प्रत्येक स्थान पर फोड़े फूट पड़े। फिर उन्होंने सन्दूक को कुछ सोने के साथ एक गाड़ी में रख दिया और गायों ने उन्हें अपने आप से वापस इस्राएल पहुंचा दिया। परमेश्वर लोगों की मदद के बिना उन गायों को अगुवाई दे रहे थे। जब संदूक इस्राएल में पहुंचा, तो लोग खुशी से झूम उठे, लेकिन कुछ लोग मर गए क्योंकि वे लापरवाही से उस संदूक के अंदर देखने लगे थे। यीशु ने कहा कि हमें केवल परमेश्वर से ही डरने की जरूरत है - लेकिन वह परमेश्वर भी हमारा पिता है जो हमारे बारे में हर छोटी से छोटी

बात जानता है जहाँ तक कि हमारे सिर के हर बाल के विषय में भी। वह हमसे प्यार करता है और हमारी देखभाल करेगा। हमें कभी किसी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पुराने समय में, परमेश्वर की उपस्थिति संदूक नामक इस बॉक्स पर केंद्रित थी। अब यीशु के कारण, परमेश्वर की उपस्थिति हमारे दिलों को भर देती है। (1 कुरिन्थियों 6:19) यीशु ने सन्दूक में जाने वाली उन चीज़ों की देखभाल की - यीशु ने उन पट्टियों की तरह व्यवस्था को पूरा किया, वह हमारा स्थायी याजक है जैसे हारून के लाठी ने प्रतिनिधित्व किया, और वही स्वर्ग से उतरी मन्ना की तरह हमारी दैनिक आत्मिक रोटी है। अपने दिल की ओर इशारा करें। जब आप यीशु पर विश्वास करते हैं, तो आप परमेश्वर के सन्दूक की तरह बन जाते हैं! हमारा सर्व-शक्तिशाली परमेश्वर आता है और आपके भीतर निवास करता है और जहाँ कहीं भी आप जाते हैं, आपके साथ आते हैं।

मेरा विश्वास है कि परमेश्वर सर्व-शक्तिमान है, और मैं उसका सम्मान करूंगा। मैं यीशु को अपना राजा बनाना चाहता हूँ और उस पर भरोसा करता हूँ और किसी भी चीज़ की चिंता नहीं करता।

संकल्प 8

एक दिन उसके स्कूल के एक सहपाठी को कान का दर्द था। क्रिस ने उसे बताया कि वह उसके लिए प्रार्थना करेगा और यह तुरंत ठीक हो जाएगा। क्रिस ने उसके लिए प्रार्थना की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। क्रिस को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई; उसने अपने संडे स्कूल के शिक्षक से इस बारे में बात की और उन्हें बताया कि क्या हुआ। उसके शिक्षक ने समझाया कि सामर्थ केवल परमेश्वर की ओर से आती है।

क्रियाकलाप 8

☐ **यतें**

प्रत्येक बच्चे को 5 स्थानों के साथ नीचे दिखाए गए अनुसार एक पेपर दें। उन्हें काटें और प्रत्येक दिन के लिए एक आयत लिखें जो परमेश्वर की सामर्थ और उपस्थिति की बात करता है, जैसे भजन 23:1; मरकुस 10:27, आदि।

1	2	3	4	5

समयरेखा 8

पलिश्तियों ने वाचा के सन्दूक को किस वर्ष कब्ज़ा किया? अ. हमारे पास एक सटीक वर्ष नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि यह 1142 ईसा पूर्व में हुआ होगा।

पहेली के उत्तर 8

द	चिं	मा	टी	मे	आ	श्व	र
स	ता	गा	य	म	ज्ञा	व	न्ना
ज्ञा	र्वं	द	ड़ी	रो	एं	गा	ज्ञा
व	ह्व	श	एं	सा	री	ज्ञा	फो
अ	ड़ी	सं	क्ति	चा	ड़ी	यों	ड़े
भ	टी	दू	र्म	मा	श्ति	ह्व	द
पे	रो	क	एं	लि	न	म	न्ना
आ	ज्ञा	सा	प	र	मे	श्व	र



प्रश्न और उत्तर 8

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. एक इतना शक्तिशाली और महान परमेश्वर कैसे मेरा दोस्त हो सकता है? (परमेश्वर के कई पहलू हैं। हमें उससे डरने की जरूरत है, लेकिन यह जानना भी अच्छा है कि वह हमसे प्यार करता है। बाइबल कहती है कि परमेश्वर हमारे सिर के हर बाल की गिनती जानता है; वह हमारे विषय में सबसे छोटा विवरण भी जानता है।)

2. मुझे ऐसा क्यों लगता है कि परमेश्वर दूर है? (शुरुआत से, विश्वास परमेश्वर के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा है। परमेश्वर चाहता है कि हम उनसे तब भी विश्वास करें जब हम उसे नहीं देखते हैं। शायद यह उसका निर्णय था कि वह हमें रोबोट की तरह न बनाये ताकि हम बिना सोचे समझे केवल सही काम ही करते रहे। यदि हम परमेश्वर को देख पाते कि वह कौन है, तो हम सभी उसके समक्ष घुटने टेक देंगे। कभी-कभी ऐसा लगता है कि हम परमेश्वर को नहीं देख सकते हैं और वह बहुत दूर लगता है, लेकिन परमेश्वर हमारे हृदय को देख सकते हैं और देख सकते हैं कि वास्तव में किस में विश्वास है।)

3. क्या वाकई दुनिया का अंत होगा? (इस विषय में अपने विद्यार्थियों के साथ बात करें, हाँ के साथ समापन करें। यदि हम वास्तव में बाइबल में विश्वास करते हैं, तो हमें यह पहचानना चाहिए कि दुनिया का एक अंत होगा जैसा कि हम जानते हैं।)

खेल 8

गर्म □ लू

सभी विद्यार्थी एक गोल घेरा बनाते हैं। जैसे ही संगीत बजता है, बच्चे सर्कल के चारों ओर एक वस्तु को आगे बढाते हैं। जब संगीत रूक जाता है तो जिसके हाथ में वस्तु होती है, तो उसे उस चीज की एक गवाही देनी होगी जो परमेश्वर ने उसके जीवन में की है। (उदाहरण के लिए, जब परमेश्वर ने उसे एक ऐसे बच्चे से बचा लिया जो उसे परेशान करता है, या जब परमेश्वर ने भोजन, धन, आदि प्रदान किया था।)

उपस्थिति 8



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

वाचा का संदूक

गृहकार्य8

इस सप्ताह आपका गृहकार्य एक खाली माचिस की टिकिया या एक अन्य छोटा पात्र ढूंढना है। आप इसे सजा सकते हैं। कागज के टुकड़ों पर बाइबल की आयतें लिखें, उन्हें छोटे बक्से में डालें और अपनी जेब में डालें। जब भी आपको समस्या हो, आप उन आयतों को पढ़ सकते हैं। तब परमेश्वर का वचन आपकी मदद करेगा और आपको जीवन में विश्राम देगा। अगली कक्षा के समय उस छोटी टिकिया को लाएँ और अपने शिक्षक को दिखाएँ।

पढ़ें

दिन 1: 1 शमूएल 8: 4-7, 17-22
दिन 2: 1 शमूएल 9: 1-9
दिन 3: 1 शमूएल 9: 25-10: 2
दिन 4: 1 शमूएल 10: 9-11, 17-25
दिन 5: 1 शमूएल 13: 1-14

9. परमेश्वर की इच्छा

बाइबल की कहानी: राजा शाऊल

1 शमूएल 8: 4-21, 9: 15-10: 1, 10: 20-25, 13: 5-14, 15: 1-31

याद करने की आयत 9

"तेरी इच्छा को पूर्ण करना मुझे सिखा; क्योंकि तू ही मेरा परमेश्वर है, तेरा भला आत्मा मुझे सुरक्षित स्थान पर ले जाएगा।" भजन संहिता 143:10

आवश्यक कहानी 9

क्रिस को बुरा लगता है क्योंकि उसके पिता उसे बाहर नहीं जाने देते हैं और उसे सजा देते हैं यदि वह अपने पड़ोस के लड़कों के साथ खेलने जाता है। क्रिस जानता है कि इन बच्चों का व्यवहार अच्छा नहीं है। फिर एक दिन क्रिस ने अपने पास्टर से बात करते हुए कहा कि वह अब अपने पिता की आज्ञा नहीं मानना चाहता, क्योंकि वह एक बुरा आदमी है। तब पादरी ने उससे पूछा, "तुम ऐसा क्यों कहते हो?" क्रिस ने उत्तर दिया, "क्योंकि वे मुझे खेलने नहीं भेजते, और मुझे दंड देते हैं।"

मुख्य पाठ9

पिछले सप्ताह हमने सीखा कि परमेश्वर सर्व-शक्तिमान है और जो उसकी इच्छा है उसे पूरा करने की उनके पास योजना है। आज हम शाऊल नाम के एक व्यक्ति से सीखने जा रहे हैं कि जब हम परमेश्वर की इच्छा को बदलने की कोशिश करते हैं या जब हम उसकी अवज्ञा करते हैं तो क्या होता है। उन दिनों में, इस्राएल के पास एक राजा नहीं था और शमूएल अभी भी इस्राएल का अगुवा था। इस्राएलियों ने शमूएल के पास आकर एक राजा की मांग की, जैसा कि आसपास के सभी देशों के पास था। हमारे पड़ोसियों के पास जो है, उसे देखना हमारे लिए आसान होता है। जब हम तुलना करते हैं, तो हम असंतुष्ट हो जाते हैं जो परमेश्वर ने हमें दिया है। इस्राएलियों ने परमेश्वर से एक राजा के लिए विनती की। परमेश्वर ने कहा कि एक बार राजा मिलने के बाद इसे पसंद नहीं करेंगे और वे पीछे नहीं हट पायेंगे। परमेश्वर हमसे प्यार करता है और हमारे लिए उनके मन में सबसे उत्तम है, लेकिन परमेश्वर को किसी और चीज के लिए जिद्द करना प्रलोभन है। परमेश्वर ने उनकी जिद्द मान ली और शाऊल को राजा के रूप में अभिषेक करने के लिए शमूएल को भेजा। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, शाऊल थोड़ा-थोड़ा करके परमेश्वर की अवज्ञा करने लगा। जैसा कि आज की कहानी में क्रिस के साथ हुआ, उसी तरह अवज्ञा धीरे धीरे हमारे अन्दर प्रवेश कर सकता है, और आपको सावधान रहना चाहिए! यीशु ने जागते रहने और प्रार्थना करने को कहा है ताकि हम परीक्षा में न पड़ें (मत्ती 26:14) एक युद्ध में, शाऊल को परमेश्वर के लिए बलिदान करने के लिए शमूएल के आने की प्रतीक्षा करनी थी, कुछ ऐसा जिसे शमूएल जैसे लोगों को ही चढाने की अनुमति थी। उन्होंने लगभग पूरे एक सप्ताह तक इंतजार किया और फिर बेसब्र हो उठे। शाऊल को डर था कि वह अपनी सेना खो देगा - उसने सोचा कि लड़ाई जीतने के लिए लोग परमेश्वर से ज्यादा महत्वपूर्ण थे। उसने व्यवस्था का उल्लंघन किया और बलिदान चढ़ाया। शमूएल ने उसे बताया कि परमेश्वर पहले से ही किसी बेहतर व्यक्ति को राजा के रूप में उसके स्थान पर नियुक्त करने को देख रहे हैं। यदि आप परमेश्वर की इच्छा को करना बंद कर देते हैं, तो हो सकता है कि आप परमेश्वर के किसी अद्भुत काम को अपने जीवन से वंचित कर रहे हो। यीशु ने क्रूस पर जो किया, उसके कारण हमें हर समय मदद करने के लिए परमेश्वर की कृपा मौजूद है। आज्ञा उल्लंघन के बजाय, परमेश्वर से मदद मांगें। कुछ समय बाद, शाऊल ने अमालेकियों को नष्ट करने के परमेश्वर की आज्ञा की अवहेलना की, उनके राजा और उत्तम भेड़ और मवेशियों को अपने पास रखने के द्वारा। उसने कहा कि वे परमेश्वर के लिए बलिदान करने के लिए थे, लेकिन शमूएल ने कहा कि आज्ञा मानना

बलिदान से बढ़कर होता है। हमारे स्वयं के जीवन में भी, जबकि हमारा समय, धन, उपहार आदि देकर परमेश्वर के लिए बलिदान चढ़ाना अच्छा है, लेकिन परमेश्वर हमेशा आज्ञाकारिता को प्राथमिकता देते हैं। यीशु ने कहा कि जो कोई भी परमेश्वर की इच्छा पूरी करता है वह यीशु के भाई या बहन हैं (मत्ती 12:50) यीशु ने यह भी कहा कि परमेश्वर ने भविष्यद्वाणी करने, दुष्टात्माओं को भगाने, या कोई चमत्कार करने की तुलना में उनकी इच्छा होने पर बहुत अधिक महत्व दिया है। (मत्ती 7:21-23) शाऊल की अवज्ञा के कारण, परमेश्वर उससे उसके राज्य को हटाने जा रहा था! शाऊल के जीवन के दौरान, उसकी अवज्ञा तब तक बद से बदतर होती गई जब तक कि वह युद्ध में नहीं मारा गया। अगली बार हम शाऊल की जगह लेने वाले एक बेहतर राजा के बारे में सीखेंगे, ऐसा व्यक्ति सही काम करने के लिए बहुत सावधान था, चाहे कुछ भी हो जाए।

मैं परमेश्वर की आज्ञा मानने और उनकी इच्छा को पूरी करने को चुनता हूं, जो कुछ भी वह मुझे कराना चाहते हैं।

संकल्प 9

पास्टर ने क्रिस से बात की और उसे बताया कि उसके पिता हमेशा उसके लिए सबसे उत्तम देख रहे हैं और उसे उनका पालन करना चाहिए क्योंकि परमेश्वर ने उसे आपके घर में एक अधिकारी के रूप में रखा है। जब क्रिस ने पादरी की बातों के बारे में सोचने लगा कि यह सही है, कि उसका पिता उसे उन लोगों से बचाता है जो उस पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।

क्रियाकलाप 9

दर्पण

यह क्रियाकलाप बच्चों को मिलने जुलने में मदद करने के लिए एक आसान तरीका है। निर्देश:

1. क्रियाकलाप को अगुवाई देने वाला व्यक्ति हर किसी को बारी बारी से जोड़े में रखता है।

2. प्रत्येक जोड़ी के दो बच्चों को एक दूसरे के सामने खड़ा होना होगा।

3. पहले, एक बच्चा एक दर्पण के रूप में दूसरे बच्चे के शारीरिक मुद्राओं को एक ही समय में कॉपी करने की कोशिश करेगा, भले ही वह शरीर के किसी भी हिस्से का उपयोग करता हो (वह भावों की नकल कर सकता है, हाथ और पैर हिला सकता है आदि)

4. फिर दूसरे बच्चे की अपने साथी की नकल करने की बारी होगी।

समयरेखा 9

शाऊल का जन्म किस वर्ष में हुआ था? अ. हम ठीक से नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसका जन्म 1082 ई.पू. में हुआ होगा| शाऊल की मृत्यु किस वर्ष हुई? अ. हम ठीक से नहीं जानते हैं, लेकिन यह माना जाता है कि उसकी मृत्यु 1010 ई.पू. में हुई होगी|

पहेली के उत्तर 9

ब	शु	पा	आ	ज्ञा	अ	व	ज्ञा
उ	लि	प	श्चा	ता	प	इ	ना
द्धा	ल	दा	रि	शा	ऊ	ल	उ
र	श	का	न	बा	तु	प्र	द्धा
क्रू	ज्ञा	मू	स	इ	श्चा	ती	रा
आ	प	क्रू	ए	ब	रा	क्षा	भे
यी	शु	ल	बा	ल	ज्ञा	जा	ड़



प्रश्न और उत्तर 9

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. क्या होगा अगर परमेश्वर मुझसे कुछ असंभव करने को कहते हैं? (कई बार, परमेश्वर हमारे जीवन में एक चमत्कार करना चाहते हैं। हमें केवल एक पैर दूसरे के सामने रखने की जरूरत होती है, और जो परमेश्वर हमें करने के लिए कहते हैं, उनकी आज्ञा माननी चाहिए।)

2. परमेश्वर कहाँ से आए? (बाइबल कहती है कि परमेश्वर हमेशा से यहाँ मौजूद है। वह संसार के अस्तित्व में आने से पहले था, हमसे पहले और उन सब से जो कुछ हम जानते हैं। परमेश्वर है, हमेशा रहा है, और हमेशा रहेगा। परमेश्वर अनन्त है।)

3. हर कोई परमेश्वर में विश्वास क्यों नहीं करते हैं? (शैतान हमें अलग दिशा में निर्देशित करता है, हमें परमेश्वर से दूर खींचता है। अपने विद्यार्थियों से बात करें कि ऐसे कितने सारे लोग हैं जो कहते हैं कि वे परमेश्वर में विश्वास करते हैं, लेकिन उनका जीवन प्रदर्शित करता है कि वे नहीं करते| हमारे काम हमारे विश्वास के बारे में क्या कहते हैं?

खेल 9

चकमा गेंद

थ्रेड, रिबन, या कुर्सियों की एक पंक्ति से फर्श पर एक चोकोल को बनाएं, जो बच्चों की दो टीमों के लिए पर्याप्त हो। प्रति टीम में से एक व्यक्ति शूटर के रूप में चुना जाता है और चोकोल के विपरीत छोर पर खड़ा होता है। खेलने के लिए, निशानेबाज विरोधी टीम के बच्चों की ओर एक गेंद को फेंकते हैं, उन्हें मारने की कोशिश करते हैं, जबकि बॉक्स के अंदर के बच्चे गेंद के लगने से बचने की कोशिश करते हैं। जो बच्चा गेंद से टकरा जाता है या बॉक्स छोड़ देता है वह खेल छोड़ देगा। अंत में बॉक्स में जिस टीम के अधिक बच्चे होते हैं, वह जीत जाती है।



उपस्थिति 9



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

बड़े भविष्यवक्ताएं

गृहकार्य 9

इस सप्ताह आपका गृहकार्य है, हर उस पल जब आप प्रलोभन महसूस करते हैं, तो परमेश्वर से प्रार्थना करें और उनसे सही काम करने के लिए मदद मांगें। जब आप पाप करते हैं, तो परमेश्वर से क्षमा और पश्चाताप के लिए पूछें। इस सप्ताह परमेश्वर से आपको अच्छी चीजें करने में मदद करने के लिए कहें, और हर बार जब आप कुछ अच्छा करने के लिए सोचते हैं, उदाहरण के लिए, किसी की मदद करने या प्रोत्साहित करने के लिए, तो ऐसा ही करें।

पढ़ें

दिन 1: 2 शमूएल 11: 1-13
दिन 2: 2 शमूएल 11: 14-27
दिन 3: 2 शमूएल 12: 1-10
दिन 4: 2 शमूएल 12: 11-19
दिन 5: 2 शमूएल 12: 20-25

10. परमेश्वर हमें अनुशासित करते हैं

बाइबल कहानी : राजा दाऊद

1 शमूएल 16:1-13, 2 शमूएल 5:1-5, 11:1-15, 12:1-23

याद करने की आयत 10

'धन्य है वह मनुष्य जिसको परमेश्वर ताड़ित करता है। अत: ओ अय्यूब, सर्वशक्तिमान परमेश्वर की ताड़ना को तुम स्वीकार करो।" अय्यूब 5:17

आवश्यक कहानी 10

पिंकी जानती है कि कोई भी चीज़ जो उसकी नहीं हो, उसे उठा लेना गलत है और वह परमेश्वर को नाराज करती है। संडे स्कूल में एक लड़की है जो हमेशा फर्श पर या मेज पर पैसे छोड़ जाती है। तीन हफ्तों के लिए, पिंकी ने पैसे लेने के प्रलोभन का विरोध किया। वह खुद से सोचती रही, "यदि मैं पैसे लेती हूं तो किसी को पता नहीं चलेगा - नहीं, मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।" फिर एक सप्ताह वह उस प्रलोभन में गिर गयी और पैसे उठा लिए! अगले रविवार के स्कूल की कक्षा में, पिंकी ने देखा कि एक लड़का किसी और के क्रेयॉन को उठा रहा है जबकि कोई उसे नहीं देख रहा था। वह बहुत परेशान हुई और क्लास में जोर से चिल्लाई, "अरे! तुमने उसकी क्रेयॉन ले ली! क्या तुम नहीं जानते कि यह गलत है ?!" भले ही उस लड़के ने माफी मांगी और क्रेयॉन को लौटा दिया, लेकिन पिंकी कक्षा के दौरान इसके बारे में बात करती रही, शिक्षकों को बताती रही, अपने आस-पास की सभी लड़कियों को फुसफुसाते हुए बोलती रही, और लड़के को मुंह से चिढाती रही और उसे नीचा दिखाती रही।

मुख्य पाठ10

पिछले हफ्ते हमने सीखा कि कैसे राजा शाऊल ने परमेश्वर की आज्ञा की अधिक अवज्ञा की। आज हम किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सीखते हैं जिसके पास कुछ बहुत खास था। परमेश्वर ने शमूएल को अगले राजा का अभिषेक करने के लिए बेतलेहेम भेजा। शमूएल सबसे बड़े भाई से प्रभावित हुआ। लेकिन परमेश्वर ने कहा कि बाहरी दिखावे को मत देखो क्योंकि परमेश्वर हृदय को देखता है। परमेश्वर ने सबसे छोटे भाई दाऊद को राजा होने के लिए चुना। यदि आप छोटा या अनदेखा महसूस करते हैं, तो कभी चिंता न करें। परमेश्वर हमेशा उन लोगों की तलाश में रहते हैं जो उन्हें चाहते हैं। (भजन 14: 2) परमेश्वर हमेशा आपको देखेगा। हम दाऊद से बहुत कुछ सीख सकते हैं। वह एक महान योद्धा था और राजा शाऊल को मार सकता था और आसानी से राज्य पर कब्ज़ा कर सकता था, लेकिन उसने परमेश्वर की इच्छा का सम्मान किया और सही करने की कोशिश की। यीशु ने कहा कि जो कोई भी अपने जीवन को बचाए रखना चाहता है वह इसे खो देगा, लेकिन जो यीशु के लिए अपना जीवन देगा वह इसे बचाएगा (लूका 9:24)| दाऊद ने राजा के दावे को न मानकर अपना जीवन "खो" दिया था। लेकिन कई सालों बाद, परमेश्वर ने दाऊद को इस्राएल का राजा बना दिया, जैसा उसने वादा किया था। उसी तरह, यीशु ने खुद कभी राजा होने का दावा नहीं किया, लेकिन परमेश्वर ने उसे दे दिया। (फिलिप्पियों 2: 6-11) एक बार जब राजा शाऊल दाऊद को मारने की कोशिश कर रहा था, तब दाऊद ने कुछ खास कहा: इसलिये अब मेरा लोहू यहोवा की आखों की ओट में भूमि पर न बहने पाए (1 शमूएल 26:20)| दूसरे शब्दों में: भले ही तुम मुझे मार दो, परमेश्वर के साथ रहना मेरे लिए मेरे स्वयं के जीवन से अधिक महत्वपूर्ण है। परमेश्वर ने दाऊद को परमेश्वर के हृदय के अनुसार एक व्यक्ति कहा है। (1 शमूएल 13:14, प्रेरितों 13:22) किसी के बारे में परमेश्वर का क्या ही अद्भुत बयान है! कोई भी व्यक्ति सिद्ध नहीं है, और परमेश्वर उन लोगों को अनुशासित करता है जिन्हंक वह प्यार करता है। (इब्रानियों 12: 6) एक दिन, दाऊद ने बतशेबा नाम की एक विवाहित महिला को बुलाया और उसके पति को युद्ध में मरने के लिए भेजा। कितना भयानक है! परमेश्वर ने नातान नबी को उसे फटकार लगाने के लिए भेजा। उन्होंने एक

गरीब आदमी के बारे में एक कहानी बताई जिसके पास उसकी एक अनमोल मेमने थी। एक पड़ोसी ने उस मेमने को पकड़ा और उसे खा लिया, जबकि उसके पास कई भेड़ें थीं। दाऊद गुस्से से भर उठा, कहने लगा कि उस आदमी को मरना चाहिए। पहले की कहानी में पिंकी के व्यवहार की तरह, जब आप देखते हैं कि कोई व्यक्ति कुछ गलत कर रहा है और आप इसके बारे में अत्यधिक परेशान हो जाते हैं, तो यह दर्शाता है कि आप भी उसी बात के लिए दोषी हैं। (रोमियों 2: 1) अपने दिल की जाँच करने के लिए परमेश्वर से मदद मांगिए और पश्ताताप करें। याद रखें कि जब शाऊल ने गलती की थी, तो उसने अपने अपराध को स्वीकार नहीं किया और बुरा बनता गया। लेकिन जब दाऊद को सच का एहसास हुआ, तो उसने अपने गलत काम को स्वीकार किया, जो बेहतर होने के लिए पहला कदम था। परमेश्वर का अनुशासन उसके और बेतशेबा के बच्चे के जीवन को लेना था। दाऊद ने उस बच्चे को जीवित करने के लिए परमेश्वर से याचना की। हम भी परमेश्वर से अपने पाप के परिणामों को रोकने के लिए कह सकते हैं। कभी-कभी वह कर सकता है, लेकिन कभी-कभी परिणाम हमें और दूसरों को सिखाने के लिए सबसे अच्छा तरीका होता है। बच्चे की मृत्यु हो गई, लेकिन यह आशा के बिना नहीं था। परमेश्वर अपने अनुग्रह में प्रायः कुछ अच्छा करने के लिए पश्चाताप और पुनर्स्थापना के स्थान का उपयोग करता है। दाऊद और बेतशेबा का एक और बच्चा हुआ जिसका नाम सुलैमान था। परमेश्वर ने सुलैमान से प्यार किया, जो अगला राजा हुआ और यीशु का पूर्वज भी बना।

मैं अपने दिल पर ध्यान केंद्रित करने और परमेश्वर के अनुशासन को स्वीकार करने का चुनाव करता हूं।

संकल्प 10

कक्षा के अंत में, पिंकी ने उस लड़की को देखा, जिसके पैसे उसने लिए थे, वह शिक्षक के साथ कमरे में उसे ढूँढने की कोशिश कर रही थी। पिंकी को बहुत बुरा लगा और वह अपने ह्रदय में जानती थी कि उसे यह स्वीकार करने की ज़रूरत है कि उसने क्या किया है, लेकिन उसे उस लड़के को चिढ़ाने के बारे में अपने मन में अतिरिक्त बुरा महसूस हुआ। अंत में, वह इसे रोक नहीं सकी और उसने शिक्षक और दूसरी लड़की के सामने स्वीकार किया कि उसने क्या किया है और पैसे वापस कर दिए। फिर उसने उस लड़के से उसे पूरे दिन चिढाने के लिए भी माफी मांगी।

क्रियाकलाप 10

ह्रदय

विद्यार्थियों को एक ह्रदय के आकार का बुकमार्क बनाना होगा। आप मोटे कागज या कार्डस्टॉक का उपयोग कर सकते हैं और इसमें रंग भरे या लाल कागज के साथ शुरू कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, आप इसे अधिक टिकाऊ बनाने के लिए इसे लेमिनेट कर सकते हैं या कंटैक पेपर डाल सकते हैं। छेद के माध्यम से रिबन या रस्सी को बांधे और एक "बो" बनाए। यह बुकमार्क आपको यह याद रखने में मदद करेगा कि परमेश्वर उन लोगों को अनुशासित करता है जिन्हें वह प्यार करता है।

"परमेश्वर मुझे अनुशासित करता है क्योंकि वह मुझसे प्यार करता है।"

समयरेखा 10

दाऊद किस वर्ष में पैदा हुआ? अ. हम ठीक से नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उनका जन्म 1040 ई.पू. में हुआ था|

दाऊद की मृत्यु किस वर्ष हुई? अ. हम ठीक से नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उनकी मृत्यु 970 ई.पू. में हुई थी|

पहेली के उत्तर 10

अ	नु	ग्र	ह	दि	न	ज्ञा	दा	च
भि	दि	खा	ब	ट	खा	च्चा	ऊ	य
षे	बे	त	शे	बा	ना	व	द	न
क	ट	त	छ	ना	ता	ह	ट	क
बे	रा	स्वी	ले	रि	न	अ	भि	षे
त	जा	च्चा	का	हे	ब	च्चा	दा	स्वी
ल	पा	ज्ञा	ऊ	र	म	ऊ	य	ज्ञा
हे	आ	प	छ	ता	ना	द	दि	ऊ



प्रश्न और उत्तर 10

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. क्या ऐसा हो सकता है कि परमेश्वर पूरे परिवारों, शहरों, या देशों को भी अनुशासित करे? क्या आपके पास उदाहरण हैं? (जी हाँ, बाइबल कई बार दिखाती है जहाँ परमेश्वर पूरे शहरों को अनुशासित करता है। उदाहरण के लिए, परमेश्वर ने सदोम और अमोरा को दंडित किया। एक और उदाहरण है जब इस्राएल के लोग सीनै के रेगिस्तान में एक मूर्ति बनाते हैं और परमेश्वर उन सभी को नष्ट करना चाहता था, लेकिन मूसा ने दया मांगी, और परमेश्वर ने अपने आप को रोक लिया। मूसा ने मूर्ति को जला दिया और उस सोने की धूल को पानी में डाल दिया और लोगों ने सजा के रूप में इसे लिया! (निर्गमन 32) एक बार उन्होंने लगभग 3 हजार लोगों को मार डाला, और दूसरी बार प्रभु ने उनपर एक महामारी भेजी। शाऊल में भी एक उदाहरण है जब परमेश्वर ने उसका राज्य छीन लिया, यहां तक कि उसके बच्चों से भी। हम आजकल के देशों या शहरों या परिवारों के बारे में भी बात कर सकते हैं। लेकिन यह कहने से सावधान रहें कि जो कुछ बुरा हुआ है वह सजा है। यीशु ने बुरी घटनाओं के उदाहरण दिए जो घटित हुए और कहा कि लोगों के पाप के कारण ऐसा नहीं हुआ। (लूका 13:1-5) परमेश्वर हमारे लिए इतना अच्छा है कि हम उसकी दया की माँग कर सकते हैं, भले ही हम बुरे परिवार में हों, या एक बुरा शहर या देश हो... और परमेश्वर अक्सर हमें बुरे परिस्थितियों से बाहर निकलने में मदद करते हैं।)

2. आपको मिली आखिरी ताड़ना क्या थी और क्यों मिली थी? (अपने अनुभवों के बारे में बात करें)

3. अगर पुलिस या राजनेता गलत करने वालों को अनुशासित करने के लिए हैं, तो वे बुरे लोगों को क्यों जाने देते हैं और अच्छे लोगों से पैसे लेते हैं? (यहां विचार यह है कि दुनिया में मौजूद अन्याय के बारे में एक साथ मिलकर बात करें, और केवल परमेश्वर ही है जो हमें एक अन्यायी दुनिया में रहते हुए शांति दे सकता है। विशिष्टता इस बात पर निर्भर करेगी कि आप किस देश या क्षेत्र में रहते हैं।)

खेल 10

सही या गलत

एक बच्चा समूह के सामने खड़ा होता है और एक वाक्यांश कहता है, जैसे "योना ने जहाज़ को बनाया," और बच्चे जवाब देंगे कि क्या यह सही है या गलत। यदि वे सोचते हैं कि यह सही है, तो वे अपना अंगूठा उठाएँगे, और यदि उन्हें लगता है कि यह गलत है, तो वे इसे नीचे कर देंगे। शिक्षक कहेगा कि यह गलत है या सही है। जो लोग गलत हैं वे एक बार समूह या बैठने की जगह के चारों ओर उठकर भागते हैं और वापस आने पर जगह पाने की कोशिश करते हैं। जो कोई जगह के बिना छूट रह जाता है वह अगले दौर में वाक्यांश को कहने वाला बनेगा/बनेगी।

उपस्थिति 10

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:



दाऊद

गृहकार्य 10

वाक्यांश को याद रखें, "परमेश्वर मुझे अनुशासित करते हैं क्योंकि वह मुझसे प्यार करता है।" जब आपके माता-पिता या शिक्षक आपको कुछ गलत करने के लिए दंडित करते हैं, तो अपने दिमाग में इस वाक्यांश को दोहराएं: "परमेश्वर मुझे अनुशासित करते हैं क्योंकि वह मुझसे प्यार करता है।" अगर आप अपने आप को ऐसा सोचते हुए पाते हैं, "लेकिन मैंने कभी कुछ गलत नहीं किया! ऐसा करने का मेरा कोई इरादा नहीं था!" तो आपने जो किया उस पर एक और बार नज़र डालें और अपने इरादों के बजाय अपने वास्तविक कार्यों पर ध्यान दें। स्वयं का बचाव किए बिना परिणामों को स्वीकार करें।

पढ़ें

दिन 1: 1 राजा 5: 1-5
दिन 2: 1 राजा 6: 1-2,14
दिन 3: 1 राजा 7: 48-51
दिन 4: 1 राजा 8: 22-26
दिन 5: 1 राजा 8: 27-30

11. परमेश्वर का मंदिर

बाइबल की कहानी: राजा सुलैमान

1 राजा 2: 1-4, 3: 4-15, 4: 29-34, 6: 1, 6: 37-38, 8: 1-1: 30

याद करने की आयत 11

'धन्य है वह मनुष्य जिसको परमेश्वर ताड़ित करता है। अत: ओ अय्यूब, सर्वशक्तिमान परमेश्वर की ताड़ना को तुम स्वीकार करो।" अय्यूब 5:17

आवश्यक कहानी 11

बैजू ने अपने एक दोस्त को धूम्रपान करते पाया, और उसके दोस्त ने उसे धूम्रपान करने के लिए आमंत्रित किया ...

मुख्य पाठ11

पिछले सप्ताह के नायक राजा दाऊद एक शानदार मंदिर का निर्माण करके परमेश्वर का सम्मान करना चाहता था, लेकिन क्योंकि दाऊद एक योद्धा था, वह इसे नहीं बना सकता था। इसके बजाय, परमेश्वर ने वादा किया कि उसका उत्तराधिकारी इसे बनाएगा और उस वादे को दो बार पूरा करेगा। दाऊद का पुत्र सुलैमान इस्राएल का अगला राजा बना। एक दिन उसने परमेश्वर को एक हजार बलिदान चढ़ाई। याकूब 4:8 कहता है कि जब हम परमेश्वर के निकट आते हैं, तो वह हमारे समीप आता है। उस रात, परमेश्वर ने सुलैमान से कुछ भी मांगने के लिए कहा। क्या आप लाल स्पोर्ट्स कार मांगते? सुंदर कपड़े मांगते? इसके बजाय, सुलैमान ने अपने लोगों की अच्छी देखभाल करने के लिए बुद्धि माँगी। वाह! परमेश्वर इतना प्रभावित हुआ कि उसने सुलैमान को दुनिया का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति बना दिया और उसे धन और विजय भी दिया। सुलैमान ने एक विशाल पत्थर के मंदिर का निर्माण किया, जिसके अंदर सुंदर नक्काशी थी। कल्पना कीजिए कि एक सुनहरे कमरे में एक व्यक्ति की उंचाई से भी बड़े मोमबत्ती के स्टैंड्स रखे हुए हैं। सुलैमान ने मंदिर को समर्पित करने के लिए सभी इस्राएल के साथ मिलकर 14 दिनों के लिए एक उत्सव आयोजित किया। परमेश्वर की महिमा उस मंदिर में घने काले बादल के समान उतर आई। उन्होंने 22,000 मवेशियों और 120,000 भेड़ और बकरियों की बलि चढ़ाई। तब सुलैमान ने अपने लिए ही नहीं, बल्कि परमेश्वर के लोगों के लिए भी प्रार्थना की।

वह मंदिर अब नष्ट हो चुका है, और अब दूसरा भी, लेकिन परमेश्वर ने एक बेहतर मंदिर के साथ अपना वादा पूरा किया है। पृथ्वी पर रहते हुए, यीशु ने कहा कि वह मंदिर को नष्ट कर देगा और तीन दिनों में इसका पुनर्निर्माण करेगा (यूहन्ना 2:19)। वह एक भौतिक मंदिर के बारे में बात नहीं कर रहा था, बल्कि अपनी मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से एक आत्मिक मंदिर की बात कर रहा था। क्या आप आज नए मंदिर को देख सकते हैं? हां, लेकिन यह वह चर्च की इमारत नहीं है। आप (बहुवचन) परमेश्वर के मंदिर हैं! (इफिसियों 2: 19-22) हम सभी मसीही लोग इमारत के पत्थर की तरह हैं। परमेश्वर का आत्मा हमारे अंदर वास करता है, उस मंदिर के समर्पण के दौरान बादल की तरह, और हम सभी मिलकर एक आत्मिक मंदिर बनाते हैं जहां परमेश्वर हमेशा हमेशा के लिए रहते हैं।

परमेश्वर इसे लगातार बनाने और इसे सुंदर बनाने का काम जारी रखे हुए हैं और हमें उसकी मदद करने के लिए आमंत्रित करता है। जब आप अपने सहपाठियों को यीशु के बारे में बताते हैं या चर्च में मदद करते हैं, तो आप इसे बनाने में मदद कर रहे हैं। परमेश्वर के मंदिर को अच्छी तरह से बनाने में मदद करने के लिए ज्ञान की जरूरत है। सुलैमान की बुद्धि इतनी प्रसिद्ध थी कि शेबा की रानी सिर्फ उसे सुनने के लिए दूर से आयी थी, लेकिन यीशु सुलैमान से बड़ा है। (मत्ती 12:42) यीशु हमारी बुद्धि के स्रोत हैं और जब हम उससे मांगेंगे तो वह हमें देगा (याकूब 1:5)। जब आप किसी को पाप के लिए ताने मारते हो, तो आप कुछ बदसूरत और कमज़ोर बनाते हैं। (1 कुरिन्थियों 3:

10-15) जब आप एक-दूसरे को दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, कठोर लोगों के प्रति भी, तो आप उसे सुंदर बनाने में मदद कर रहे होते हैं। यीशु ने हमें एक दूसरे से प्यार करने के लिए कहा है जैसा उसने हमसे प्रेम किया (यूहन्ना 13:34)। सोने की तरह, सुंदरता उस बात में है जैसे हम दूसरों के साथ व्यवहार करते हैं। यीशु ने कहा कि मंदिर सोने को पवित्र बनाता है (मत्ती 23:17)। गैर-विश्वासियों में सोने जैसी दया हो सकती है, लेकिन केवल यीशु मसीह पर विश्वास करना ही आपको उनके मंदिर का हिस्सा बनाता है।

मैं परमेश्वर से दूसरों को प्यार करके उनके मंदिर को बनाने में मदद करने के लिए ज्ञान देने के लिए प्रार्थना करूंगा।

संकल्प 11

बैजू जानता था कि यह सही नहीं है और कहा, "दोस्त, ऐसा मत करो। आपको अपने शरीर का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि धूम्रपान आपके अंगों को नुकसान पहुँचाता है और आपके जीवन को छोटा बनाता है। इसके अलावा, आपका शरीर पवित्र आत्मा का मंदिर है। परमेश्वर आपके अंदर रहता है, और आपको अपने शरीर का ध्यान रखना चाहिए न कि उसका अपमान करना चाहिए।"

क्रियाकलाप 11

मार्शमैलो शूटर

इसके लिए आपको प्लास्टिक की बोतलें या कप, गुब्बारे और मार्शमॉलो या कागज के गोले चाहिए होंगे। पहली बात यह करनी होगी कि कपों का आधार को काट लें। फिर गुब्बारे के ऊपर से एक छोटा टुकड़ा काट लें। गुब्बारे के तल पर एक अच्छी गाँठ बाँधें और गुब्बारे के कटे हुए किनारे को कप के एक छोर के चारों ओर लपेटने के लिए फैलाएँ। कप के ऊपरी किनारे गुब्बारे को सही जगह में रखने में मदद करेंगे। फिर सावधानी से कप के अंदर मार्शमैलो या पेपर गेंदों को रखें, फिर मार्शमॉलो या पेपर को छोड़ने के लिए गुब्बारे को खींचें और छोड़ें। यह देखने के लिए एक प्रतियोगिता रखें कि कौन सबसे दूर तक शूट कर पाता है।

समयरेखा 11

सुलैमान का जन्म किस वर्ष में हुआ था? अ. हम ठीक से नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उसका जन्म 989 ईसा पूर्व में हुआ था।

सुलैमान की मृत्यु किस वर्ष हुई? अ. हम ठीक से नहीं जानते, लेकिन यह माना जाता है कि उनकी मृत्यु वर्ष 931 ई.पू. में हुई|

पहेली के उत्तर 11

नि	स	बु	मं	दि	र
बे	म्प	आ	द्धि	ब	ध
ब	ति	नि	वे	द	न
म	लि	र्मा	ऊ	मा	नि
सी	नि	दा	लै	ही	र्मा
ही	सो	सु	न	रा	ण
प्रा	र्थ	ना	दे	आ	जा
ध	ना	वा	ऊ	त्मा	लै

प्रश्न और उत्तर 11

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. हम किन तरीकों से अपने शरीर और आत्मा का ध्यान रख सकते हैं? (कुछ शारीरिक चीजों का उल्लेख करें, जैसे धूम्रपान न करना, नशीली दवाएं न लेना, यौन संबंध बनाने के लिए शादी तक इंतजार करना और अनुचित चित्र न देखने के प्रति सावधान रहना। हृदय की देखभाल करने के लिए अन्य विभिन्न बातों का भी उल्लेख करें जैसे कि दूसरों को माफ करना, दूसरों के साथ सम्मान और प्यार के साथ व्यवहार करना, पापों से पश्चाताप, और एक अच्छा मनोभाव बनाए रखना। मुश्किल पापों को दूर करने का एक व्यावहारिक तरीका यह है कि आप इसे पास्टर या शिक्षक के सामने अंगीकार करें, उनसे प्रार्थना और मदद के लिए भी पूछें। उदाहरण के लिए, आप उनसे कह सकते हैं कि वे आपसे साप्ताहिक आधार पर पूछें कि आप एक पाप के विरुद्ध व्यक्तिगत लड़ाई कैसे कर रहे हैं।)

2. क्या मसीही होना मज़ेदार बात है? (बेशक! यह केवल एक अलग मज़ा है। यह एक सुंदर नए लड़के के साथ नृत्य करने और तितलियों को महसूस करने का जैसा मज़ा नहीं है। यह अलग है, लेकिन खुशी, शांति और स्वतंत्रता वास्तविक है और दुनिया जो भी पेश करती है उसे कई बढ़कर है।)

3. मेरे माता-पिता मुझे हमेशा "नहीं" क्यों कहते हैं? (क्योंकि वे आपकी रक्षा करना चाहते हैं।)

खेल 11

टूटा हु□ फोन

दो टीमें बनाओं जो दो पंक्तियों में खड़ी होती हैं। शिक्षक प्रत्येक टीम के पहले व्यक्ति को एक वाक्यांश बोलता है, और प्रत्येक व्यक्ति उस पंक्ति में अगले व्यक्ति को वही वाक्यांश दोहराता है। अंत में जिस टीम के पास मूल वाक्यांश से मिलता जुलता वाक्यांश होता है, वही जीतती है।



उपस्थिति 11

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

सुलैमान



गृहकार्य11

आपका गृहकार्य इस सप्ताह हर दिन किसी को प्रोत्साहित करना है, खासकर कोई ऐसा व्यक्ति जो आपकी कलीसिया से अलग किसी कलीसिया में जाता है। यदि आप किसी को अच्छा करते देखते हैं, तो उन्हें बधाई दें। यदि आप किसे दूसरे बच्चे को देखते हैं जो यीशु पर विश्वास करता है कि वह कुछ गलत कर रहा है, तो उसे सही काम करने के लिए सही तरह से दया के साथ याद दिलाएं: यह मत

कहो, "तुम बुरे हो," बल्कि यह कहें कि, "ऐसा करने से परमेश्वर खुश नहीं होते। इसके बजाय तुम ऐसा कर सकते हो," और कुछ अच्छा करने का सुझाव दे सकते हैं। बोनस: मत्ती में दिए गये पहाड़ी उपदेश का 5-7 भाग पढ़ें।

पढ़ें

दिन 1: 1 राजा 17: 1-6
दिन 2: 1 राजा 17: 7-11
दिन 3: 1 राजा 17: 12-16
दिन 4: 1 राजा 17: 17-19
दिन 5: 1 राजा 17: 20-24

12. परमेश्वर हमें देखता है

बाइबल की कहानी: एलिय्याह

1 राजा 17:1-24

याद करने की आयत 12

"तुम सब से पहले परमेश्वर के राज्य और उसकी धार्मिकता की खोज करो तो ये सब वस्तुएँ भी तुम्हें मिल जाएँगी।" मत्ती 6:33

आवश्यक कहानी 12

एक दिन स्टेफी अपने बिस्तर से बहुत जल्दी खुशी से उठ बैठी। उस दिन वह अपनी माँ को यह दिखाने के लिए कुछ खास करना चाहती थी कि वह उनसे कितना प्यार करती है। वह बाहर बगीचे में निकली, सबसे खूबसूरत फूलों को काटकर उन्हें एक जगह पर रख दिया, जहाँ उसकी माँ पसंद करेगी, फिर एक जबरदस्त नाश्ता तैयार करने के लिए रसोई में चली गई। सब कुछ एक विशेष तरीके से व्यवस्थित करते हुए स्टैफी ने कहा, "यह सबसे अच्छा होगा"।

आखिर, वह समय आया जब उसकी माँ जाग उठी। स्टेफी सारी तैयारी के साथ भोजन कक्ष में उसका इंतजार कर रही थी। जब स्टेफी की माँ बाहर आई ... उसने फूलों को कोई महत्व नहीं दिया और यहाँ तक कि स्टैफी को भी "गुड मोर्निंग" भी नहीं कहा। वह नाश्ते करने के लिए बैठ गई और समाप्त करने के बाद स्टैफी को धन्यवाद नहीं दिया।

स्टेफी बहुत दुखी हो गयी और उसने खुद को अपने बेडरूम में बंद कर लिया, यह सोचकर कि उसकी माँ उससे प्यार नहीं करती।

मुख्य पाठ 12

"विश्वास के नायक" में वापस स्वागत है! पिछली बार, हमने राजा सुलैमान के मंदिर के बारे में सीखा। उसके बाद, राज्य इस्राएल और यहूदा में विभाजित हो गया। बाद में, राजा अहाब ने अपनी दुष्ट पत्नी इज़ेबेल के साथ इस्राएल पर शासन किया। उनकी दुष्टता के कारण, परमेश्वर ने एलिय्याह नाम के एक भविष्यवक्ता को यह कहने के लिए भेजा कि कुछ वर्षों तक बारिश नहीं होगी। उस दौरान, एलिय्याह एक गुफा में छिपा रहा। परमेश्वर हमेशा देखते हैं कि हम किस स्थिति से गुजर रहे हैं, भले ही कोई और नहीं देखता हो, जैसे कि आज की कहानी में स्टैफी की स्थिति थी। आप दूसरों के लिए जो कुछ करते हैं वह कभी बिना ध्यान के नहीं जाता है। और परमेश्वर हमारी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, और उसे धन या इसे करने के लिए सामान्य तरीकों की आवश्यकता नहीं है। परमेश्वर ने एक झरने में से एलिय्याह के लिए पानी उपलब्ध कराया और दिन में दो बार रोटी और मांस के साथ कौवों को भेजा। कल्पना करो एक पक्षी की जो आपके पास उड़ता हुआ आता है और आपको रोटी देता है! यीशु ने कहा कि चिंता मत करो क्योंकि परमेश्वर पक्षियों के लिए भोजन भी प्रदान करता है (मत्ती 6:26), और इस कहानी में, परमेश्वर ने पक्षियों को एलिय्याह के लिए खाना खिलाने को इस्तेमाल किया। जब झरना सूख गया, तो परमेश्वर ने एलिय्याह को एक विचित्र स्थान पर जाने को कहा, किसी अमीर आदमी के यहाँ नहीं बल्कि एक विदेशी विधवा के पास। जब एलिय्याह ने रोटी माँगी, तो उसने कहा कि उसके पास केवल थोड़ी मात्रा में आटा और तेल बचा है और सोचा कि उसके बाद उसका परिवार मर जाएगा। क्या आपने कभी एक "भरोसा खेल" खेला है जहाँ आप पीछे की ओर गिरते हैं, और आपका एक दोस्त आपको जमीन पर गिरने से ठीक पहले पकड़ लेता है? (किसी स्वयंसेवक के साथ इसका प्रदर्शन करें।) कभी-कभी परमेश्वर अंतिम मिनट तक इंतजार करता है, इससे पहले कि आप खाली हो जाए, क्योंकि वह जानता है कि यह उनपर आपके विश्वास और

उसके प्रति भरोसे को बढ़ाएगा। एलिय्याह ने उसे चिंता करने के लिए नहीं बल्कि रोटी बनाने के लिए कहा। उसी तरह, यीशु हमें पहले उसके राज्य की खोज करने के लिए कहता है और तब वह हमें सब प्रदान करेगा जिसकी हमें आवश्यकता है। (मत्ती 6:33) उसका आटा और तेल चमत्कारिक ढंग से कभी खाली नहीं हुआ, और उनके पास हमेशा खाने के लिए रोटी थी। यदि आप पूछें, "मैं इस सप्ताह कैसे खाने जा रहा हूँ? मुझे स्कूल के लिए कपड़े कहाँ से मिलेंगे?" देखो और ध्यान करो कि परमेश्वर कैसे प्रदान करता है। फिर किसी को इसके बारे में बताओ और इसे लिखें ताकि बाद में आपको याद रहे। क्या आपने पहले कभी परमेश्वर को आपके लिए प्रदान करते देखा है? (एक संक्षिप्त व्यक्तिगत कहानी बोलने की अनुमति दें।)

परमेश्वर केवल भोजन और वस्त्र ही नहीं, बल्कि जीवन भी प्रदान करते हैं। विधवा का बेटा बीमार हो गया और मर गया, और एलियाह ने लड़के को उठाया और तीन बार उसके लिए प्रार्थना की। आप अपने अविश्वासी परिवार और दोस्तों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं, केवल एक बार नहीं, बल्कि बार-बार। तीसरी बार जब एलिय्याह ने प्रार्थना की, तो परमेश्वर ने लड़के को जीवित कर दिया! यीशु मर गया और वापस जीवित हो उठा और अब हमेशा के लिए जीवित है। भले ही हमारे भौतिक शरीर मर जाते हैं, लेकिन हममें से प्रत्येक के पास एक आत्मा है जो हमेशा जीवित रहती है। यीशु ने कहा कि शत्रु शैतान, केवल चोरी करने, हत्या करने और नष्ट करने के लिए आता है, लेकिन यीशु इसलिए आया ताकि हम बहुतायत का जीवन पा सके। (यूहन्ना 10:10) यीशु मसीह के द्वारा, आप स्वर्ग में हमेशा के लिए परमेश्वर के साथ रह सकते हैं।

मुझे भरोसा है कि परमेश्वर मुझे देखते हैं। परमेश्वर मुझसे प्यार करते हैं और जिसकी मुझे जरूरत है उसे हमेशा मेरे लिए प्रबंध करेंगे।

संकल्प 12

अगले दिन सन्डे स्कूल में, उन्हें सीखा कि परमेश्वर सब कुछ देखता है। कक्षा में शिक्षक ने प्रत्येक विद्यार्थी को एक फूल दिया। स्टैफी ने महसूस किया कि परमेश्वर उसे यह कहते हुए बोल रहे थे, "अच्छा किया," जो उसने अपनी माँ के लिए किया था।

क्रियाकलाप 12

गुड मॉर्निंग प्रभु यीशु

कागज के एक टुकड़े पर, आप या बच्चे "गुड मॉर्निंग प्रभु यीशु" वाक्यांश लिखते हैं। इसे मार्कर, क्रेयॉन आदि से सजाएं। बच्चे इसे अपने बेडरूम की छत से या अपने बेड के सामने की दीवार से लटकाते हैं। कार्य यह है कि इसे हर सुबह तब पढ़ें जब वे जाग उठते हैं और परमेश्वर से कहें, "गुड मोर्निंग प्रभु।" यह उन्हें याद दिलाएगा कि परमेश्वर हमेशा उनके साथ हैं।

समयरेखा 12

एलिय्याह और विधवा की घटनाएँ किस वर्ष हुईं? अ. लगभग 868 ई.पू. में

पहेली के उत्तर 12

आ	दा	आ	टा	कौ	पु	स	र्जी
व	लि	ज्ञा	उ	वे	र्या	वि	ए
श्य	य्या	का	ते	प	ते	हि	लि
क	ह	रि	मृ	ध्या	ल	त	य्या
ता	वि	ता	ब्ध	न	मृ	ब्ध	ह
एं	रो	ध	च्चा	र	ब	खा	ना
र्या	टी	खा	वा	हि	ल	र	ध
पु	न	र्जी	वि	त	झ	ब	च्चा



प्रश्न और उत्तर 12

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. क्या आपके पास एक ऐसे समय की गवाही है जहाँ परमेश्वर ने आपके लिए प्रबंध किया है? इसे बाँटें। (विद्यार्थियों को साझा करने का समय दें।)

2. परमेश्वर ने मुझे क्यों बनाया? (परमेश्वर के प्यार के बारे में बात करें, उसकी सेवा करने के विकल्पों के बारे में, और कैसे परमेश्वर आपके बारे में सब कुछ जानता है जिसमें उपहार, प्रतिभा, प्राथमिकताएं और स्वभाव शामिल हैं।)

3. यदि परमेश्वर सब कुछ देखता है, तो वह हमारी गलतियों को भी देखता है। कुछ गलत करते हुए पकड़े जाने पर कैसा महसूस होता है? इस तरह की एक स्थिति में, क्या आपने अपनी गलती स्वीकार की है? (उन स्थितियों के बारे में बात करें और यह भी कि गलती को स्वीकारना कितना मुश्किल होता है। उनको ऐसा न कहने दे कि वे कभी बुरा काम नहीं करते और न ही कभी पकड़े गए हैं, क्योंकि यह एक झूठ होगा!)

खेल 12

गुब्बारा फोड़ना!

1. शुरू करने के लिए, प्रत्येक बच्चे के टखने में एक फुलाया हुआ और बड़ा गुब्बारा बाँधें।

2. संगीत बजाएं और बच्चों को कमरे के बीच में खेलने के लिए आमंत्रित करें।

3. सभी बच्चों को किसी और के गुब्बारे पर पैर रखने की कोशिश करनी होगी, सावधान रहें कि वे अपने खुद के गुब्बारे को फोड़ न दें।

4. अपने गुब्बारे को खोने वाले सभी बच्चे खेल से बाहर हो जाएंगे।

उद्देश्य: दूसरों के गुब्बारे को फोड़ना, बिना उनके द्वारा आपके गुब्बारे पर पैर लगे हुए।

उपस्थिति 12



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

एलिय्याह

गृहकार्य12

कागज के एक टुकड़े पर वाक्यांश, "गुड मोर्निंग, प्रभु परमेश्वर" को लिखें और इसे अपने बिस्तर के पास रख दें जहां आप सुबह उठने पर इसे देख सके । इससे आपको यह याद रखने में मदद मिलेगी कि परमेश्वर हमेशा आपको देखते हैं। यदि आपके पास इस सप्ताह कुछ कमी है, तो इसके लिए परमेश्वर से पूछें। यह देखें कि परमेश्वर कैसे प्रदान करते हैं और अगली बार अपने शिक्षक को उसके बारे में बताएं।

पढ़ें

दिन 1: 1 राजा 18: 16-21
दिन 2: 1 राजा 18: 22-26
दिन 3: 1 राजा 18: 27-35
दिन 4: 1 राजा 18: 36-39
दिन 5: 1 राजा 18: 40-46

13. एकमात्र परमेश्वर

बाइबल की कहानी: एलिय्याह और अन्य भविष्यवक्ताएं

1 राजा 18: 16-46

याद करने की आयत 13

"हे प्रभु, तू ही मेरा परमेश्वर है; मैं तुझे सराहूंगा, मैं तेरे नाम का गुणगान करूंगा। तूने अद्भुत कार्य किए हैं, तूने अपनी योजनाएं पूर्ण की हैं, जो आरम्भ से बनी थीं, जो विश्वस्त और निश्चयपूर्ण थीं।" यशायाह 25:1

आवश्यक कहानी 13

एक दिन पब्लिक स्कूल में, क्रिस को महसूस हुआ कि उसके पब्लिक-स्कूल के शिक्षक की तबियत ठीक नहीं थी। क्रिस ने उसे बताया कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को जानता है जो उसे ठीक कर सकता है। शिक्षक ने कहा, "चिंता मत करो; मैं एक महिला के पास गया जिसने एक अनुष्ठान किया और मुझे इसके लिए एक उपाय दिया है। मैं पहले से ही बेहतर महसूस कर रहा हूँ।" शिक्षक ने क्रिस की मदद स्वीकार नहीं की ...

मुख्य पाठ 13

पिछली बार हमने एलिय्याह भविष्यवक्ता के बारे में सीखा। उस समय, इस्राएल एक ही समय में कई ईश्वरों की आराधना करने में लगे थे। लेकिन परमेश्वर नहीं चाहते कि हम किसी और चीज़ की आराधना करें, क्योंकि उसके सिवा कोई और परमेश्वर नहीं हैं। यीशु ने कहा कि हम दो स्वामियों की सेवा नहीं कर सकते, कि हम या तो एक से घृणा करेंगे और दूसरे से प्रेम करेंगे या एक के प्रति समर्पित रहेंगे और दूसरे को तुच्छ जानेंगे (मत्ती 6:24)। एलिय्याह भविष्यवक्ता ने सभी इस्राएल और झूठे देवताओं के नबियों को कर्मेल पर्वत पर एक साथ बुलाया। उसने इस्राएल से कहा कि वे किसी एक वास्तविक परमेश्वर को चुनें और उसकी सेवा करें। उसने बाल देवता के भविष्यवक्ताओं को एक वेदी बनाने और एक बलिदान तैयार करने के लिए कहा, और एलियाह अपने परमेश्वर के लिए भी ऐसा ही करेगा। जो कोई आग के साथ उत्तर देगा वही सच्चा परमेश्वर होगा। हमने क्रिस के शिक्षक के साथ इस तरह का एक उदाहरण देखा। बाल के नबियों ने वैसा ही किया जैसा उसने कहा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। थोड़ी देर बाद, एलिय्याह ने पूछा कि क्या उनका परमेश्वर सो रहा था या यात्रा कर रहा था या व्यस्त था। हमें कभी चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि हमारा एकमात्र सच्चा परमेश्वर कभी नहीं सोता है, कभी यात्रा नहीं करता है क्योंकि वह पहले से ही हर जगह एक ही समय में मौजूद है, और वह असीम बुद्धिमान है और एक ही समय में पूरी दुनिया को संभाल सकता है। दूसरे देवता बाल ने कभी भी उत्तर नहीं दिया या बलिदान को ग्रहण करने के लिए कोई अग्नि नहीं भेजी। दोपहर में, एलिय्याह ने उसकी भेंट तैयार की। उसने एक वेदी का निर्माण किया और उस पर अपना बलिदान रखा, फिर उसने उसे जल से भर दिया ताकि जलना कठिन हो जाए। जब तक उन्होंने वेदी के चारों ओर एक बड़े गड्ढे को नहीं भरा, तब तक वे पानी डालते गए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कुछ भी कितना ही कठिन क्यों न हो, हमारा परमेश्वर सर्वशक्तिमान है और वह कुछ भी कर सकते हैं। एलिय्याह ने प्रार्थना की, और परमेश्वर ने तुरंत उत्तर दिया और स्वर्ग से आग भेज दी! आग ने चट्टानों, पानी और यहां तक कि चारों ओर धूल के साथ एक ही बार में पूरे बलिदान को जला कर राख कर दिया। यीशु ने कहा कि केवल वही परमेश्वर के पास पहुँचाने का एकमात्र मार्ग है, कि वही सत्य और जीवन है (यूहन्ना 14: 6)। यीशु के अलावा स्वर्ग का कोई और रास्ता नहीं है क्योंकि हमारे सच्चे परमेश्वर के अलावा कोई और परमेश्वर नहीं हैं। केवल हमारे परमेश्वर की आराधना करने का अर्थ है कि किसी अन्य धर्म का पालन न करना या किसी अन्य ईश्वर की आराधना न करना। लेकिन एक और भयंकर बात है जो हमें आसानी से फँसा सकती है। यीशु के यह कहने के बाद कि हमारे दो स्वामी नहीं हो सकते, उन्होंने एक और बात की जिसकी लोग सेवा करते हैं। यीशु ने कहा कि हम परमेश्वर और धन

दोनों की सेवा नहीं कर सकते (मत्ती 6:24)। बेहतर कपड़े, एक अच्छी कार, घर, खिलौने और सामाजिक प्रतिष्ठा हासिल करने की चाह रखना आसान है। आपके पास ये सभी चीजें कभी-कभी हो सकती हैं, लेकिन परमेश्वर की तुलना में आपके लिए कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं होने दें। इसके बजाय, उन्हें परमेश्वर की सेवा करने और उनके लोगों की देखभाल करने के लिए इस्तेमाल करें। याद रखें कि पिछली बार हमने सीखा था कि पहले उसके राज्य की खोज करो और हमारी देखभाल करने के लिए परमेश्वर पर भरोसा रखो (मत्ती 6:33)। यीशु ने कहा कि केवल परमेश्वर की आराधना करो और उसी की सेवा करो (लूका 4:8)।

मैं केवल एकमात्र सच्चे परमेश्वर की आराधना करना और उसे अपने जीवन में सबसे पहले स्थान पर रखने का चुनाव करता हूं।

संकल्प 13

कुछ समय बीत गया, और शिक्षक अच्छा कर रहे थे, लेकिन स्वस्थ नहीं थे। वह दिन आया जब वह बहुत गंभीर हो गया और उसने क्रिस को याद किया और उससे बात की। क्रिस अपने पास्टर को शिक्षक के पास ले आया। उन्होंने उसके लिए प्रार्थना की, और वह पूरी तरह से ठीक हो गया। शिक्षक ने मसीह को अपने हृदय में स्वीकार किया और स्वीकार किया कि सामर्थ केवल परमेश्वर की है।

क्रियाकलाप 13

पहचान टैग

जैसा कि दिखाया गया है, उसके अनुसार प्रति बच्चे के लिए डिज़ाइन को काटें। प्रत्येक विद्यार्थी अपने "डेटा" को चित्र में दिखाए अनुसार डाल देगा और फिर उसे लेमीनेट करेगा या फिर उसे टिकाऊ बनाने के लिए कॉनटैक पेपर या पारदर्शी टेप से ढक देगा। गर्दन पर लटकाने के लिए एक चेन, रिबन, या धागे को बांधें। यह उन्हें याद रखने में मदद करेगा कि वे प्रभु यीशु मसीह के हैं और केवल उनके लिए हैं।

"परमेश्वर से संबंधित

नाम: रॉबर्ट

पसंदीदा रंग: नीला

पसंदीदा खाना: मीठी रोटी "

समयरेखा 13

एलिय्याह और नबियों की घटनाएँ किस वर्ष में हुई? अ. लगभग 866 ई.पू. में

पहेली के उत्तर 13

भ	वि	ष्य	द्वा	क्ता	एं	भ	पु
श	ग	नी	ब	से	व	रो	न
क्ति	क्ता	ड्ढा	ह	लि	ड़ी	सा	र्जी
शा	एं	य्या	श	हा	दा	ड्ढा	वि
ली	लि	ष्य	प	क्ति	शा	न	त
ए	बा	ल	पा	र	ना	आ	ग
से	र्मे	द्वा	नी	ध	मे	ल	व
क	वा	य्या	रा	प्रे	कौ	श्व	श्य
ए	लि	आ	ली	म	वे	दी	र

प्रश्न और उत्तर 13

(बड़े विद्यार्थियों के लिए)

1. हम किन चीजों के लिए परमेश्वर से अलग सेवा या आराधना करने के लिए प्रलोभित होते हैं? (कई स्थानों पर, अन्य देवताओं की सेवा करने का प्रलोभन होता है, उदाहरण के लिए, जब एक मसीही होना लोकप्रिय नहीं होता या जब परिवार आप पर दबाव डालता है या जब स्कूल में कोई उत्सव होता है| अन्य चीजों की सेवा करने का भी प्रलोभन होता है, उदाहरण के लिए, पैसा, प्रसिद्धि, लोकप्रियता, सौंदर्य, भोजन, सामाजिक स्थिति, गर्व और स्वार्थ, आदि| उदाहरणों पर चर्चा करें।)

2. वास्तव में अन्य धर्मों के अन्य देवता क्या हैं? (बाइबल कहती है कि वे वास्तव में ईश्वर नहीं हैं, बल्कि ऐसी शक्तियां हैं, जो लोगों को धोखा देने और हमें एकमात्र परमेश्वर से अलग करने की कोशिश करती हैं। बाइबल यह भी कहती है कि परमेश्वर अन्य देवताओं, अर्थात दुष्टात्माओं का न्याय करने वाले हैं, और वे हमेशा के लिए आग की झील में फेंक दिए जायेंगे, जबकि जो लोग हमारे प्रभु यीशु में अपना विश्वास और भरोसा रखते हैं वे हमेशा स्वर्ग में परमेश्वर के साथ रहेंगे। परमेश्वर हमें बाइबल में कई बार बताते हैं कि हमें डरना नहीं चाहिए: कि केवल संपूर्ण ब्रह्मांड में जिनसे हमें डरना चाहिए वह स्वयं परमेश्वर ही है, और वह हमारी ओर है और हमसे प्यार करता है। (1 कुरिन्थियों 10:20, मत्ती 10: 28-31, भजन 103: 13, रोमियों 8:31)

3. क्या मैं परमेश्वर से कुछ समय के लिए छुट्टी ले सकता हूं? (परमेश्वर पर विश्वास करना और उसकी सेवा करना कोई एक दिन करने और अगले दिन नहीं करने जैसा कुछ नहीं है। लोगों के विषय में बात करें (उनके नाम का उपयोग किए बिना) जहां आपने उन्हें परमेश्वर से छुट्टी लेते देखा है।)

खेल 13

रिले दौड़



दो टीमों का गठन करें और उन्हें कमरे या खेल क्षेत्र के एक तरफ दो लाइनों में खड़ा करें। एक-एक करके, खिलाड़ी एक पैर से दूसरे पैर पर उछलते हैं और एक वाक्यांश का एक शब्द (या अक्षर यदि आपके पास अधिक बच्चे हो) रख देते हैं, "हम केवल परमेश्वर की सेवा करेंगे।" वाक्यांश को पूरा करने वाली पहली टीम जीतती है।

उपस्थिति 13



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:

परमेश्वर की □ग

गृहकार्य 13

अपनी पसंदीदा चीज के बारे में सोचें, जैसे कोई खिलौना, कपड़े, बैग, पैसा, आदि। इस बारे में सोचें कि आप परमेश्वर की सेवा कैसे कर सकते हैं या इसके द्वारा किसी और को फायदा कैसे पहुंचा सकते हैं। यदि यह एक खिलौना है, तो आप इसे साझा कर सकते हैं और किसी दूसरे को इसके साथ खेलने दे सकते हैं। यदि यह कपड़े हैं और आपका एक छोटा भाई है जो इसका इस्तेमाल कर सकता है, तो उन्हें इसे पहनने दें। यदि यह पैसा है, तो इसे कलीसिया या किसी ऐसे व्यक्ति को दें, जिसे इसकी आवश्यकता है। यदि यह कुछ भौतिक नहीं है, उदाहरण के लिए एक प्रतिभा या अध्ययन के लिए कोई योजना, तो परमेश्वर से प्रार्थना करें और कहें, "हे परमेश्वर, यह प्रतिभा, शिक्षा, क्षमता, सपना, आदि आपका ही है। कृपया मेरा मार्गदर्शन करें कि मैं कैसे आपकी सेवा कर सकता हूं और इसके साथ दूसरों की मदद कर सकता हूं।" वैकल्पिक: यदि आप ऐसी स्थिति में रहते हैं जहां आपका परिवार या समुदाय एक अलग ईश्वर की आराधना करता है, तो भाग लेने की कोशिश न करें। यदि आप भाग लेने के लिए मजबूर हैं, तो परमेश्वर को अपना पूरा हृदय समर्पित करते हुए उनसे उस स्थिति में आपकी मदद करने के लिए प्रार्थना करें। परमेश्वर, जो किसी भी चीज़ या किसी से भी बड़ा और शक्तिशाली है, आपके हृदय को देखता है।

पढ़ें

पढने का कोई गृहकार्य नहीं।

Heroes 2 Teacher
Hindi
12021

www.LosNinosCuentan.com
pedidos@losninoscuentan.com
México: 01-800-839-1009 01-592-924-9041
Guatemala: pedidosguate@losninoscuentan.com
Venezuela: pedidosvenezuela@losninoscuentan.com

बच्चें महत्वपूर्ण है